▪ माघ शुक्ल - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 200 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 15-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 बंगाल में 'जंगलराज, ममता बनीं 'मूकदर्शक, पद से इस्तीफा दे देना चाहिए

6 कितनी व्यावहारिक है एमएसपी कानून की मांग?

7 मौत की खबर फैलाना पड़ा महंगा, दर्ज हुआ 100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा




## फर्स्ट टेक

### नेपाल में बंधक बनाए गए 11 भारतीय मुक्त, सात गिरफ्तार

**काठमांडू/भाषा।** अमेरिका भेजने के नाम पर नेपाल में एक महीने से अधिक समय से बंधक बनाए गए 11 भारतीय नागरिकों को मुक्त करा लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। काठमांडू जिला पुलिस रेंज के सूत्र ने बताया कि इस गिरोह में शामिल होने के आरोप में सात भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया गया। इन 11 लोगों को काठमांडू के बाहरी इलाके रातोपुल इलाके में एक महीने से अधिक समय तक किराए के घर में बंधक बनाकर रखा गया था। सूत्र ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, काठमांडू जिला पुलिस रेंज से भेजी गई पुलिस की एक विशेष टीम ने अभियान को अंजाम दिया।

### रोहित शर्मा होंगे टी20 विश्व कप में भारत के कप्तान

**राजकोट/भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बुधवार को यहां कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत की कप्तानी करेंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा,,'' हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिलों को जीता।

### मालदीव ने किया 43 भारतीय नागरिकों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित

**माले/भाषा।** मालदीव ने 43 भारतीयों सहित 186 विदेशियों पर वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए उन्हें निर्वासित कर दिया है। माले के ऑनलाइन समाचार प्रतिष्ठान 'अधाधु' की एक खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के अनुसार, निर्वासित किए गए लोगों में सबसे अधिक संख्या बांग्लादेश के लोगों की है। कम से कम 83 बांग्लादेशियों को निर्वासित किया गया है, इसके बाद 43 भारतीयों, 25 श्रीलंकाई और आठ नेपाली नागरिकों को निर्वासित किया गया है।

| 15-02-2024 सूर्यास्त | 16-02-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:14 बजे | 6:31 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,822.83 | 21,840.05 |
| (+267.64) | (+96.80) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,494 रु. | 76,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं : मोदी



## प्रधानमंत्री मोदी ने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था द्वारा निर्मित अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अबू धाबी/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मैं एक मंदिर के पुजारी की योग्यता रखता हूं या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं। मोदी यहां निर्मित पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बाप्स ने बनाया है। मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।



दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मंदिर के उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गई गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। गौरतलब है कि मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए कंक्रीट मिश्रण में 55 फीसदी सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज संयुक्त अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी।

## दिल्ली चलो मार्च : पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**चंडीगढ़/भाषा।** हजारों किसान बुधवार सुबह एक बार फिर अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस ने किसानों के ट्रैक्टर को रोकने के लिए भारी संख्या में



अवरोधक लगाए हैं। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया।

किसान नेता शंभू बॉर्डर पर बहुस्तरीय अवरोधक हटाकर 'दिल्ली कूच' की अपनी योजना पर आगे बढ़ने से पहले बैठक करेंगे। 'दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। पंजाब की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी देखी जा सकती हैं।

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि जब कुछ किसान शंभू बॉर्डर पर बैरिकेड के पास एकत्र हुए तो हरियाणा पुलिस ने बुधवार सुबह आंसू गैस के कई गोले दागे।

हालांकि, दिन में शाम तक किसानों द्वारा बेरिकेड हटाकर आगे बढ़ने के प्रयास देखने को नहीं मिले। प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करने के लिए दृढ़ हैं।

## पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं शहबाज़ शरीफ, अहम दलों में हुआ समझौता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच चुनाव बाद का समझौता हो गया है जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ के छोटे भाई शहबाज़ शरीफ अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं।

इस कदम का मतलब है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को संसद में अधिक सीट मिलने के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्ता



में नहीं आ पाएगी। देश में आठ फरवरी को हुए चुनाव में खंडित जनादेश आया था और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने मंगलवार रात पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बजाय 72 वर्षीय शहबाज को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। 74 वर्षीय नवाज़ शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की कोशिश में थे और ब्रिटेन में स्व-निर्वासन समाप्त कर पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौट आए थे।

इससे पहले, शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी के साथ मंगलवार रात पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जताई।

## ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई/एपी।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में 'नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य' करार दिया। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई। लगभग 1,270 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन ईरान के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र केंद्र असालुयेह से शुरू होती है।

## संदेशखालि के हालात 'अत्यंत निंदनीय', पुलिस उपद्रवियों के साथ मिली हुई है : बंगाल के राज्यपाल

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गृह मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें उन्होंने पुलिस पर संदेशखालि में ''उपद्रवी तत्वों'' के साथ मिले होने का आरोप लगाया। राजभवन सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संदेशखालि में महिलाएं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों के कथित अत्याचारों के खिलाफ



विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। बोस ने रिपोर्ट में कहा कि स्थानीय लोग अपने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष कार्य बल या विशेष जांच दल का गठन चाहते हैं। बोस ने सोमवार को अशांत क्षेत्र का दौरा किया और प्रदर्शनकारियों से बातचीत भी की।

बोस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को दी रिपोर्ट में कहा, ''मैंने पीड़ितों से बातचीत की और संदेशखालि का दौरा करके मामले का जायजा लिया है। मेरी राय में, वहां की स्थिति बेहद निंदनीय है।''



## प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भारतीय तिरंगे के रंगों से जगमगा उठा बुर्ज खलीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा उस समय भारतीय तिरंगे के रंगों से जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति ने यहां इस वर्ष के विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस सम्मेलन में भारत सम्मानित अतिथि के रूप में सम्मिलित हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे मुख्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

प्रधानमंत्री मोदी के 2024 विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में मुख्य संबोधन से पहले मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वावलंबी होने की जरुरत : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेणेश्वर धाम (बांसवाड़ा)/एजेन्सी।** राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू ने स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़े लोगों की सराहना करते हुए कहा है कि भारत आत्मनिर्भर तभी हो सकता है जब भारत की हर इकाई स्वावलंबी हो।

श्रीमती मुर्मू बुधवार को यहां स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आदिवासी महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने स्वावलंबन को प्रोत्साहन देने के लए सभी स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़े हर व्यक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनजातीय महिलाओं के



सशक्तीकरण के इस महत्वपूर्ण आयोजन में आकर उन्हें प्रसन्नता हो रही है। माही, सोम और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित बेणेश्वर धाम की यह भूमि बहुत ही पवित्र मानी जाती है। राजस्थान वीरों एवं इंद्रधनुषी संस्कृति की भूमि है, पधारो महारे देस की अतिथि सत्कार की भावना यहां की पहचान है। उन्होंने कहा कि जब राजस्थान की वीरता की बात होती है तो यहां के आदिवासी समाज के भाई बहनों का गौरवशाली इतिहास हमेशा याद किया जाता है। महाराणा प्रताप की सेना में आदिवासी वीरों की संख्या बहुत बड़ी थी उन वीरों ने राणा का हरदम साथ दिया। आदिवासी माताएं और बहनें अपने पति और बेटों को मातृभूमि की सेवा में मर मिटने के लिए खुशी खुशी विदा करती थीं। उन्होंने कहा मै उन सभी ऐतिहासिक वीर माताओं और बहनों को सादर नमन करती हूं, आधुनिक युग में भी हमारे देश की आदिवासी बहनें परिश्रम और प्रगति के अच्छे उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

राष्ट्रपति ने कहा पिछले साल दिसंबर में मैं जैसलमेर आई थीं जहां मैंने लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित किया, वहां मैंने देखा कि कैसे स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**सर्वारक्षण**

हर जाति वर्ग में रहे सदा,
कमजोर और पिछड़े अगड़े।
युग-युग से ही होते आए,
हकदारों के हक के झगड़े।
आंदोलन ना हो आए दिन,
ना तोड़फोड़ के सब रगड़े।
सबको ही दे दो आरक्षण,
हो जाए खत्म सभी लफड़े।।

## मानव सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर के सदस्यों ने बसंत पंचमी के मौके पर रोशनलाल दिनेशकुमार पोखरणा परिवार के सौजन्य से गोविंदराज नगर, मागड़ी रोड में बीबीएमपी सफाई महिलाकर्मियों को साड़ी वितरित की। तेयुप के अध्यक्ष राकेश पोखरणा, मंत्री कमलेश चोपड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक मारू, संगठन मंत्री पवन बैद सहित अन्य सदस्यों ने सेवा कार्य में सहयोग दिया।

## वार्षिक उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के राणी दादी परिवार की महिलाओं ने वार्षिक उत्सव मनाया तथा महिलाओं ने दादी कीज्योत के दर्शन कर मंगलपाठ का श्रवण किया। वंदना तुलस्यान ने संगीतमय मंगलपाठ का वाचन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दादी परिवार की महिला सदस्याएं उपस्थित थीं।

# पति का मां को समय व पैसे देना घरेलू हिंसा नहीं, अदालत ने महिला की याचिका खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की याचिका खारिज करते हुए कहा कि पति द्वारा अपनी मां को समय और पैसा देना घरेलू हिंसा नहीं माना जा सकता।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आशीष अयाचित ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा कि उत्तरदाताओं के खिलाफ आरोप अस्पष्ट और संदिग्ध हैं और यह साबित करने के लिए कुछ भी नहीं है कि उन्होंने आवेदक (महिला) के खिलाफ घरेलू हिंसा की। 'मंत्रालय' (राज्य सचिवालय) में सहायक के रूप में काम करने वाली एक महिला ने सुरक्षा और गुजारा भत्ते की मांग के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष शिकायत दर्ज की थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने अपनी मां की मानसिक बीमारी की बात छिपाकर और उसे धोखा देकर उससे शादी की है। महिला ने यह भी दावा किया कि उसकी सास उसकी नौकरी का विरोध करती थी और पति व सास उससे झगड़ते थे। महिला ने कहा कि उसके पति सितंबर 1993 से दिसंबर 2004 तक अपनी नौकरी के लिए विदेश में रहे। जब भी वह छुट्टी पर भारत आते थे, तो अपनी मां से मिलने जाते थे और उन्हें हर साल 10,000 रुपये भेजते थे। महिला ने कहा कि पति ने अपनी मां की आंख के ऑपरेशन के लिए भी पैसे खर्च किए। उसने अपने ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा उत्पीड़न का भी दावा किया। हालांकि, ससुराल वालों ने सभी आरोपों से इनकार किया।

प्रतिवादी ने दावा किया कि पत्नी ने कभी भी उसे अपने पति के रूप में स्वीकार नहीं किया और उस पर झूठे आरोप लगाती रही। पति के अनुसार, उन्होंने उसकी क्रूरताओं के कारण पारिवारिक अदालत में तलाक की याचिका दायर की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी ने बिना किसी जानकारी के उनके एनआरई (अनिवासी बाहरी) खाते से 21.68 लाख रुपये निकाले और उस राशि से एक फ्लैट खरीदा। न्यायाधीश ने कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले में इस अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। महिला की याचिका लंबित रहने के दौरान मजिस्ट्रेट अदालत ने उसे प्रति माह 3,000 रुपये का अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

# भारत की बढ़ती सक्रियता से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को लाभ होगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा, मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा, समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है।

मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। हमने समयसीमा से पहले इस संबंध में अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को पार कर लिया है। उन्होंने कहा, बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 2019 पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 2019 पुलवामा आत्मघाती हमले की पांचवीं बरसी पर यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शहीद 40 जवानों को श्रद्धांजलि दी। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र हमेशा उनके अनुकरणीय साहस, सर्वोच्च बलिदान और मातृभूमि के प्रति निस्वार्थ सेवा का ऋणी रहेगा। पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि स्वैन ने जम्मू-कश्मीर पुलिस परिवार की ओर से उन साहसी आत्माओं को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 2019 पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रवक्ता ने पुलिस महानिदेशक के हवाले से बताया, सीआरपीएफ जवानों का बलिदान हमेशा हमारे जहन में रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर : पीडीपी के पूर्व नेता भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के पूर्व नेता अर्शीद महमूद खान बुधवार को यहां अपने कई समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना और कई अन्य नेताओं ने अर्शीद महमूद खान तथा उनके समर्थकों का भाजपा में स्वागत किया। खान नौशेरा के दांडेसर गांव से तीन बार सरपंच रह चुके हैं। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता भी मौजूद थे। पीडीपी के पूर्व नेता खान ने राजौरी जिले के नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र से 2008 का विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन वह हार गए थे।

खान के भाजपा में शामिल होने के बाद रैना ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव की घोषणा करना निर्वाचन आयोग का विशेषाधिकार है, लेकिन हम किसी भी चुनाव के लिए तैयार हैं। रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को केंद्रशासित प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान जम्मू में एक रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, मोदी ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए खजाना खोल दिया है। केंद्रशासित प्रदेश में शांति और भाईचारे की बहाली लोगों के लिए उनका सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' सुनिश्चित किया है और समाज के सभी वर्गों को न्याय प्रदान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, पार्टी में जो भी आएगा हम उसका तहे दिल से स्वागत करेंगे।

## मराठा आंदोलन: महाराष्ट्र के बीड जिले में बंद अब तक शांतिपूर्ण

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)/भाषा।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे के आंदोलन के समर्थन में महाराष्ट्र के बीड जिले में बुधवार को आहूत किया गया बंद शांतिपूर्ण रहा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पड़ोसी जालना जिले के अंतरवाली सराटी जिले में अपने पैतृक गांव में जरांगे द्वारा किया जा रहा अनिश्चितकालीन अनशन बुधवार को पांचवे दिन में प्रवेश कर गया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) नंदकुमार ठाकुर ने कहा, बंद शांतिपूर्ण रहा और दोपहर तक 70-80 फीसदी सफल रहा। इससे पहले मैंने संबंधित नेताओं के साथ बैठक की और शांति की अपील की। बीड शहर में स्कूल और जिले में कुछ बाजार बंद हैं।

उन्होंने कहा कि बीड शहर में, सुभाष रोड, धोंडीपुरा और बजरपेठ के बाजार बंद रहे। ठाकुर ने कहा कि जिले में अब तक कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है।

ठाकुर ने कहा कि जिले के कुछ थानों को मराठा संगठनों से जरांगे के आंदोलन के समर्थन में बुधवार को बंद का आह्वान करने की योजना के बारे में पत्र मिले थे।

# जरांगे ने सारी हदें पार कर दी हैं : केंद्रीय मंत्री नारायण राणे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों को बाधित करने की धमकी देने के लिए मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे कार्यकर्ता मनोज जारांगे पर निशाना साधा। राणे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता ने सारी हदें पार कर दी हैं।

केंद्रीय मंत्री स्वयं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई से एक प्रमुख मराठा नेता हैं। राणे ने कहा,''मनोज जरांगे ने एक बेतुकी और संवेदनहीन टिप्पणी की है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए महाराष्ट्र में किसी भी जगह का दौरा करना मुश्किल कर देंगे। उसने सारी हदें पार कर दी हैं। मैं आपको चुनौती देता हूं कि जब प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र का दौरा करें तो आप अपनी जगह से हिल भी नहीं पाएंगे।

मैं उन्हें मराठाओं का नेता नहीं मानता। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्हें कुछ मानसिक झटका लगा है और वह ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं जिनका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को अपनी सीमाएं जाननी चाहिए और हद में रहना चाहिए। नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के लिए मराठा समुदाय के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जारांगे पिछले पांच दिनों से जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। जरांगे विरोध स्थल से बुधवार को पहले चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी की कोई भी जनसभा नहीं होने दी जाएगी। जारांगे ने इसके अलावा कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने पर एक मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने के लिए राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग की है ताकि वे अन्य पिछड़ा वर्ग को मिलने वाले आरक्षण का लाभ उठा सकें।

## बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 12 मई को खुलेंगे

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड में बद्रीनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे। मंदिर के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि परंपरा को ध्यान में रखते हुए, बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नरेंद्र नगर पैलेस में एक धार्मिक समारोह के बाद मंदिर के कपाट खोलने की तारीख और समय की घोषणा की गई।

अजय ने कहा कि समारोह में टिहरी के पूर्व शाही परिवार के सदस्य उपस्थित थे जिनमें टिहरी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, उनके पति मनुजेंद्र शाह और उनकी बेटी श्रीजा शाह शामिल थे। मंदिर के उद्घाटन से जुड़े अनुष्ठानों में टिहरी शाही परिवार एक अभिन्न हिस्सा है। यह मंदिर हर साल सर्दियों के दौरान बंद रहता है क्योंकि यह बर्फ से ढक जाता है। यह मंदिर 10,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित है।

# 'मिलन' अभ्यास साझा समुद्री चुनौतियों पर साथ काम करने का मंच उपलब्ध कराएगा : सोबती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** नौसेना के उप प्रमुख तरुण सोबती ने बुधवार को कहा कि विशाखापत्तनम में नौ दिन के नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' का उद्देश्य भारत और अन्य देशों को साझा समुद्री चुनौतियों पर साथ काम करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस अभ्यास में चीन के खिलाफ ''कोई संदेश नहीं'' है।

वाइस एडमिरल सोबती ने 19 से 27 फरवरी तक होने वाले नौसैन्य अभ्यास से पहले यहां कोटा हाउस में मीडिया से बातचीत में यह भी कहा कि 51 नौसेनाएं अभ्यास में भाग लेने वाली हैं। सोबती ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति और इनसे उत्पन्न होने वाली समुद्री चुनौतियों पर भी कार्यक्रम के दौरान चर्चा की जाएगी। यह अभ्यास, लाल सागर में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं सहित भू-राजनीतिक माहौल की पृष्ठभूमि में हो रहा है। वाइस एडमिरल सोबती ने संवाददाताओं से कहा, मिलन 2024 विश्व भर के मित्र देशों के साथ एक समुद्री गतिविधि में हमारे साथ साझेदारी के लिए उन्हें एक साथ लाने की भारतीय नौसेना की एक बड़ी कवायद है। इस साल, हम विशाखापत्तनम में मिलन अभ्यास कर रहे हैं और 51 देश इसमें भाग ले रहे हैं। अभ्यास में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, बांग्लादेश, ब्राजील, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और मलेशिया की नौसेनाएं भाग लेंगी।

# पुलवामा के शहीदों के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा : शाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले पर आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारी मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलवामा के वीर शहीदों को नमन करता हूं। उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। राष्ट्र हमेशा हमारे बहादुरों का ऋणी रहेगा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से सीआरपीएफ की बस को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद हुए विस्फोट में बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। यह बस जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा थी। इसके जवाब में भारतीय वायु सेना ने 26 फरवरी, 2019 को पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाते हुए एक हवाई हमला किया था।

# हम अपने रक्षा प्रशिक्षण के कारण ही कतर में जिंदा रह पाए : पूर्व नौसेनाकर्मी

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कतर की जेल से रिहा किए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों में से एक रागेश गोपाकुमार ने कई महीनों तक कैद में रहने के बाद स्वदेश लौटने और अपने परिवार के साथ फिर से जुड़ने पर खुशी जाहिर की। गोपाकुमार ने कहा, हम जिंदा बचकर आ गए, इस बात की हमें बहुत खुशी है... हम घर आकर खुश हैं। वह और उनके सहयोगी केवल अपने रक्षा प्रशिक्षण के कारण ही जीवित रह पाए। कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दो दिन पहले रिहा कर दिया था। इसे भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है जो कतर की अदालत द्वारा उन्हें मौत की सजा सुनाए जाने के लगभग साढ़े तीन महीने बाद मिली। इन लोगों की मौत की सजा को बाद में जेल की सजा में बदल दिया गया था। गोपाकुमार सोमवार को केरल की राजधानी से 16 किलोमीटर दूर स्थित उपनगर बलरामपुरम पहुंचे और उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को गले लगा लिया। इस दौरान वह भावुक भी हो गए। पूर्व नौसेनाकर्मी ने कहा, जेल में रहना बहुत भयानक है। जब भी कोई कहता था कि वह जेल में हैं तो उनके परिवार की क्या दुर्दशा होती थी, आप उस स्थिति की कल्पना नहीं कर सकते। एक व्यक्ति जो दिन में पांच बार अपनी पत्नी से बात करता था, उसने अचानक उसे फोन करना बंद कर दिया।

# गडकरी ने निर्माणाधीन फरीदाबाद बाईपास, डीएनडी सोहना राजमार्ग के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-148 पर निर्माणाधीन फरीदाबाद बाईपास और डीएनडी सोहना राजमार्ग के निर्माण कार्य का बुधवार को निरीक्षण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत 'हाइब्रिड एन्युटी मोड' पर विकसित की जा रही यह परियोजना 33 किलोमीटर तक फैली हुई है। यह 3,565 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगी।


बयान में कहा गया कि यह बुनियादी ढांचा पहल प्रमुख राजमार्गों दिल्ली नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईवे, दिल्ली-मेरठ, कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी), एनएच -2 (दिल्ली-आगरा), दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे और जेवर हवाई अड्डा संपर्क राजमार्ग को निर्बाध रूप से जोड़ती है। ब्राउनफील्ड स्ट्रेच में दोनों तरफ तीन-लेन सर्विस रोड के साथ छह-लेन वाले राजमार्ग को शामिल करते हुए शहरी परियोजना आठ एलिवेटेड खंडों को जोड़ती है। इनकी कुल लंबाई 12.034 किमी है इसमें 10 फ्लाईओवर हैं। बयान के मुताबिक एलिवेटेड खंडों पर ध्वनि अवरोधक ध्वनि प्रदूषण को कम करेंगे।

## गुरुग्राम में फर्जी नर्सिंग होम का भंडाफोड़, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**गुरुग्राम/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के उड़न दस्ते और स्वास्थ्य विभाग के एक संयुक्त दल ने गुरुग्राम जिले की मानेसर तहसील के नाहरपुर कासन गांव में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिंग होम का भंडाफोड़ किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, दल ने नर्सिंग होम के संचालक को भी पकड़ लिया जो एक जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) है। वह खुद को चिकित्सक बताकर काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि मानेसर पुलिस थाने में संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक, कासन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप गुप्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के उड़न दस्ते के गुरुग्राम कार्यालय द्वारा सूचित किया गया था कि नाहरपुर कासन में एसएस नर्सिंग होम का संचालक चिकित्सक की उपस्थिति के बिना ही लिखता है कि मरीजों को अमुक परीक्षण कराने होंगे।

# डॉ. वंदना दास की हत्या के मामले की सीबीआई जांच की जरूरत नहीं : केरल सरकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने विधानसभा में कहा कि डॉ. वंदना दास की हत्या के मामले की जांच राज्य पुलिस द्वारा ठीक से की गई थी, इसलिए, इसे सीबीआई को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। पिछले साल मई में कोल्लम जिले के एक तालुक अस्पताल में डॉ वंदना दास की एक मरीज ने हत्या कर दी थी। पीड़िता के माता-पिता की मांग है कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि जांच की गई और बिना किसी देरी के पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इसी कारण केरल उच्च न्यायालय ने पीड़िता के माता-पिता की सीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी। विजयन ने यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) विधायक मॉन्स जोसेफ से पूछा तो, सरकार किस आधार पर सीबीआई जांच का आदेश दे सकती है? केरल उच्च न्यायालय ने, डॉ. वंदना दास की हत्या के मामले की सीबीआई जांच का अनुरोध करने वाली, उनके माता-पिता की याचिका को पिछले हफ्ते खारिज कर दिया था और कहा था कि पुलिस जांच की ईमानदारी या विश्वसनीयता पर शक करने की कोई वजह नहीं है।

# तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव के खिलाफ प्रस्ताव पारित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा पेश किए गए एक राष्ट्र, एक चुनाव के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और केंद्र से यह नीति नहीं लाने का आग्रह किया। हालांकि, भाजपा ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया, जबकि मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने कहा कि वह दस वर्षों में अपनी दस मांगों के पूरा होने की स्थिति में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति का समर्थन करेगी, जिसे तैयार करने की जिम्मेदारी तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दी गई थी।

भाजपा नेता वनाथी श्रीनिवासन ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर चिंताएं निराधार हैं और उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव अनावश्यक है। पीएमके विधायक सदन में मौजूद नहीं थे और द्रमुक सहयोगी, कांग्रेस, वीसीके और वाम दलों ने मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया। हालांकि, सदन ने सर्वसम्मति से एक दूसरा प्रस्ताव अपनाया, जिसमें केंद्र से 2026 के बाद जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन नहीं करने का आग्रह किया गया।

दोनों प्रस्ताव पेश करने वाले स्टालिन ने कहा, यह सम्मानित सदन केंद्र सरकार से 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' नीति को लागू नहीं करने का आग्रह करता है, क्योंकि भारत के संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का सिद्धांत लोकतंत्र के आधार के खिलाफ है, अव्यावहारिक है और स्थापित नहीं है।

उन्होंने कहा, भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जन-केंद्रित मुद्दों के आधार पर अलग-अलग समय पर स्थानीय निकायों, राज्य विधानसभाओं और संसद के चुनाव कराए जा रहे हैं और ये लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण के विचार के खिलाफ हैं।

मुख्यमंत्री ने दूसरा प्रस्ताव पेश करने के बाद सदन में कहा, यह सम्मानित सदन यह भी आग्रह करता है कि तमिलनाडु जैसे राज्य को लोगों के लाभ के लिए 50 साल विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

प्रस्ताव में कहा गया है, यदि अपरिहार्य कारणों से 1971 की जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या में वृद्धि होती है, तो इसे राज्यों की विधानसभाओं और संसद के दोनों सदनों के बीच निर्वाचन क्षेत्रों के मौजूदा अनुपात के आधार पर बनाए रखा जाएगा।

अन्नाद्रमुक ने दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या नियंत्रण उपायों और उत्तरी राज्यों में इसकी कमी की ओर इशारा करते हुए दूसरे प्रस्ताव का समर्थन किया। वनाथी श्रीनिवासन ने कहा कि भाजपा परिसीमन पर प्रस्ताव में व्यक्त की गई चिंताओं को साझा करती है।

पुष्पांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में बुधवार को कोयम्बटूर सीरियल ब्लास्ट की 26वीं बरसी एवं पुलवामा हमले की बरसी के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा के तमिलनाडु प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई।

# चेन्नई में प्राइम वॉलीबॉल लीग के सीजन-3 के लिए मंच सजकर तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे सत्र में नौ फ्रेंचाइजियों की टीमें एक दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करने के लिये कमर कस चुकी हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन मौजूदा चैंपियन अहमदाबाद डिफेंडर्स गुरुवार को शुरुआती मुकाबले में मेजबान चेन्नई ब्लिट्ज से भिड़ेंगे, जबकि पिछले सीजन की उपविजेता बेंगलुरु टॉरपीडो की टीम सीजन 1 के विजेता कोलकाता थंडरबोल्ट्स से टकराएगी।

अहमदाबाद डिफेंडर्स के कप्तान मुथुसामी अप्पावु ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम लगातार दो खिताब जीतने की कोशिश करेगी। मुथुसामी अप्पावु ने कहा, ''जब आप मौजूदा चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हैं तो हमेशा दबाव होता है। यह आपके सामने एक टारगेट सेट करता है। लेकिन साथ ही यह खिलाड़ियों को प्रेरित भी करता है और हम एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।''

इस बीच, चेन्नई के कप्तान अखिन जीएस ने कहा कि घरेलू दर्शकों के समर्थन से उनकी टीम को फायदा होगा।

उन्होंने कहा, पिछले सीजन के विजेता कोच दक्षिणामूर्ति सर इस सीजन में हमारे लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रहे हैं। हमें विश्वास है कि हम पहले मैच के लिए सही रास्ते पर हैं। हमें घरेलू दर्शकों से भी भरपूर समर्थन की उम्मीद है और हम उनसे उम्मीद करते हैं बड़ी संख्या में स्टैंड में आए।

# मैं केवल लिख सकता हूं, मैं कोई सामाजिक कार्यकर्ता नहीं हूं : लेखक मुरुगन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/जयपुर।** कुछ साल पहले अपने भीतर के लेखक की मौत की घोषणा करने वाले मशहूर तमिल लेखक पेरुमल मुरुगन इस बात से 'हैरान' हैं कि ग्रामीण जीवन को आधार बनाकर लिखी गई उनकी रचनाओं के अंग्रेजी अनुवाद को ज्यादा से ज्यादा लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 57 वर्षीय तमिल लेखक की पांच और कृतियां आने वाले महीनों में अंग्रेजी में अनुवाद की जाएंगी, जिसमें गल्प, गैर-गल्प और लघु कथाएं शामिल हैं।

पेरुमल मुरुगन के उपन्यास 'फायर बर्ड' ने पिछले साल साहित्य के लिए जेसीबी पुरस्कार जीता था। मुरुगन ने साक्षात्कार में कहा, ''अनुवाद मेरे लिए नया नहीं है... पाठक बढ़ गए हैं और वे इसे पसंद कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बड़ा आश्चर्य है। मैं तमिलनाडु के गांवों के जीवन के बारे में लिखता हूं और एक आम पाठक इसे पसंद कर रहा है, यह एक बड़ा आश्चर्य है।'' हाल में संपन्न जयपुर साहित्य महोत्सव से इतर मुरुगन ने धैर्यपूर्वक सभी सवालों के जवाब दिए, लेकिन वर्तमान राजनीति से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने से विनम्रता के साथ इनकार कर दिया।

सौम्य स्वभाव वाले मुरुगन ने कहा, ''राजनीति के बारे में बात न करें।'' तमिल में विभिन्न शैलियों में लिखीं 50 से अधिक कृतियों के लेखक अपनी प्राथमिकताओं के बारे में स्पष्ट हैं, जो लेखन और समाज से जुड़ना है। उन्होंने जोर देकर कहा, मैं केवल लिख सकता हूं... मैं कोई



सामाजिक कार्यकर्ता नहीं हूं। तमिल में उन्होंने लगभग 15 गैर-गल्प किताबें लिखी हैं। तमिल से अंग्रेजी में अनुवादित उनका पहला 'गैर-गल्प अम्मा' कुछ साल पहले प्रकाशित हुआ था, जो उनकी मां के बारे में है। उन्होंने बताया कि पेंगुइन अंग्रेजी में उनकी पांच किताबें प्रकाशित करने जा रहा है, जिनमें तीन गैर-गल्प, एक लघु कथा संग्रह और एक उपन्यास शामिल है। इनमें से एक उनके युवा दिनों के दौरान सिनेमा थिएटर में काम करने के उनके अनुभव के बारे में है। उस समय उनके पिता की थिएटर में दुकान थी।

दो दशकों से अधिक समय तक तमिल प्रोफेसर के रूप में काम करने के बाद, मुरुगन अब तमिलनाडु में अपने मूल स्थान नम्माकल में लेखन और कृषि कार्य में समय बिता रहे हैं। एक सवाल के जवाब में मुरुगन ने कहा, एक लेखक के रूप में, मैं क्या संदेश दे सकता हूं? मैं केवल लिख सकता हूं और समाज के साथ मेरा रिश्ता मेरे लेखन के माध्यम से है। मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता नहीं हूं और मैं किसी अन्य क्षेत्र में जाकर काम नहीं कर सकता। मूल रूप से, मैं एक लेखक हूं और जब भी मैं समाज को कुछ बताना या साझा करना चाहता हूं तो मैं अपने लेखन के माध्यम से ऐसा करूंगा। मौजूदा परिस्थितियों में लेखन पर एक सवाल के जवाब में मुरुगन ने कहा कि गल्प अधिक सुरक्षित लगता है क्योंकि यह अधिक स्वतंत्रता देता है।

मुस्कुराहट के साथ उन्होंने अपनी एक रचना से संबंधित भारी विवाद का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि गल्प ने बहुत सारी समस्याएं पैदा कीं, जिसके बाद उन्होंने यहां तक घोषणा की थी कि उनके ''अंदर का लेखक मर'' चुका है। लेखक ने साक्षात्कार में कहा, ''एक लेखक के रूप में, मैं पाठकों से और अधिक पढ़ने के लिए कहूंगा। साहित्य हमें अपने जीवन को समझने में बड़ी मदद करता है।''

मुरुगन का उपन्यास 'पायरे' अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार-2023 की दौड़ में शामिल रहा था। मुरुगन के बारे में बताते हुए, बुकर पुरस्कार वेबसाइट कहती है, विरोध, मुकदमेबाजी और जाति-आधारित समूहों द्वारा उनकी पुस्तक माधुरोबागान' को जलाए जाने के बाद 2015 में मुरुगन ने बतौर लेखक खुद को 'मृत' घोषित कर दिया था और लेखन से संन्यास की घोषणा कर दी थी। किताब पर केंद्रित एक मामले में 2016 में अदालत ने अपने फैसले में कहा था, लेखक को वह काम करने के लिए पुनर्जीवित होने दें जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं।'



# नेत्र चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए ईआरसी को एसबीआई ने किया वित्त सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां एक गैर लाभकारी संगठन ईआरसी (आई रिसर्च सेंटर) को अपने चैरिटी कार्यों को और अधिक विस्तार देने हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 60 लाख रुपए से अधिक का योगदानकेंद्र को उन्नत किस्म के माइक्रोस्कोप को खरीदने के लिए दिया है।

एसबीआई द्वारा प्राप्त धन का उपयोग आर्थिक रूप से पिछड़े समुदाय के लोगों के आंखों की जटिल सर्जरी को मुफ्त में करने में उपयोग किया जाएगा। ईआरसी अध्यक्ष डॉ. अथिया अग्रवाल ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रबंध निदेशक विनय एम टोंस से हाल ही में चेक प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉक्टर अथिया अग्रवाल ने एसबीआई के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया जिन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आंखों के रोगों की इलाज के लिए अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत धन का आवंटन उनके केंद्र को किया है। उन्होंने कहा कि इस धन से उन्नत किस्म के माइक्रोस्कोप को खरीदने के लिए किया जाएगा जिससे डॉक्टरो के लिए आंखों की जटिल सर्जरी करना आसान हो जाएगा इसके माध्यम से हजारों लोगों की आंख की रोशनी लौटाई जा सकेगी एवं प्रत्येक आंख रोगी का जीवन सुगम बनाया जा सकेगा।





# वैदिक स्कूल के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** पिछले 22 जनवरी को अयोध्या में हुए श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नरेन्द्र मोदी के सम्मान में 'संस्कृत' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

उसकी प्रस्तुति में भाग लेने के लिए कोयम्बटूर के वैदिक स्कूल 'राम नारायणम' के विजेताओं को पुरस्कार भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई ने प्रदान किया।

गौरतलब है कि जगद्गुरु श्री जयेंद्र सरस्वती ट्रस्ट की स्थापना 1981 में कांची शंकराचार्यों के आशीर्वाद से एलएमडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. जीके देवराजुलु द्वारा की गई थी।

इस फाउंडेशन द्वारा संचालित वैदिक विद्यालय में कई आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों ने वेदों की शिक्षा ली है और आज वे वैदिक शिक्षक और पुजारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

# अमेरिका में नौकरी का लालच देकर 20 लोगों को ठगा, गिरफ्तार

**चेन्नई।** कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लोगों से एक करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में तमिलनाडु पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शिवराजन (33) चेन्नई में एक ट्रैवल एजेंसी चला रहा था। उसने कनाडा में उच्च वेतन वाली नौकरियों के बारे में स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था।

विज्ञापनों के आधार पर कई लोगों ने उनसे संपर्क किया और कनाडा में नौकरी पाने के लिए पैसे दिए। शिवराजन ने लोगों से औसतन 5 लाख रुपये की न्यूनतम अग्रिम राशि का भुगतान करने के लिए भी कहा। एक व्यक्ति शनमुघम (47) ने कनाडा में नौकरी के लिए शिवराजन से संपर्क किया और उससे 15 लाख रुपये की अग्रिम राशि मांगी गई। पैसे देने के बाद भी शनमुघम को महीनों तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। अपराध शाखा पुलिस के अनुसार, शनमुघम ने कई बार शिवराजन से भुगतान किए गए पैसे वापस करने का अनुरोध किया। हालांकि न तो पैसे वापस किए गए और न ही उसे नौकरी दी गई। आखिरकार उसने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर शिवराजन का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# भवानी नदी में डूबने की घटनाएं हुई कम

विशेष इकाई का हुआ फायदा

**चेन्नई।** भवानी नदी में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए फरवरी 2023 में गठित तमिलनाडु पुलिस की विशेष इकाई के फायदे सामने आने लगे हैं। पिछले साल गठित मेट्टुपालयम लाइफ गार्ड्स इकाई में एक उप-निरीक्षक और 10 पुलिसकर्मी हैं। इकाई के सदस्यों को एनडीआरएफ से प्रशिक्षण प्राप्त होता है। कोयंबटूर जिला पुलिस ने कहा है कि यूनिट का गठन तब किया गया था जब 2021, 2022 और 2023 की शुरुआत में डूबने की कई घटनाएं सामने आईं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में भवानी नदी में डूबने से 26 लोगों की मौत हुई, जबकि 2022 में कुल 20 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2023 में भी छह लोगों की मौत होने के बाद कोयंबटूर जिला पुलिस ने तुरंत टीम गठित की। विशेष टीम के गठन के बाद डूबने के मामलों में भारी गिरावट आयी है। भवानी नदी में डूबने से होने वाली मौतों की संख्या में 2023 में कमी आई है। पुलिस ने पाया है कि मरने वालों में से अधिकांश मेट्टुपालयम और सिरुमुगई क्षेत्रों से नहीं थे, और नदी के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी। भवानी में पानी का स्तर अचानक बढ़ने से अक्सर डूबने की नौबत आ जाती है। कोयंबटूर पुलिस ने कहा कि 10 सदस्यीय बल ने नदी के किनारों पर निगरानी रखकर और लोगों को नुकसान तथा खतरों के बारे में सूचित करके डूबने वालों की संख्या को कम कर दिया है। कोयंबटूर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीम अब तक 914 लोगों को डूबने से बचा चुकी है। इसने आत्महत्या की कोशिश करने वाले 13 व्यक्तियों को भी बचाया है, जो भवानी नदी में कूद गए थे।



# सिद्दरामैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलूरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें सिद्दरामैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा अदालत का कीमती समय बर्बाद करने के एवज में 10,000 अदा करने का आदेश दिया गया था।

उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया कि वर्तमान कार्यवाही (उनके अलावा अन्य लोगों पर) कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं है। अस्पष्ट आरोपों के आधार पर कार्यवाही अनुचित उत्पीड़न होगा। उनकी याचिका में कहा गया कि शिकायत की गई घटना लगभग एक घंटे तक चली थी और जुलूस के किसी भी सदस्य के खिलाफ कोई हिंसक कार्रवाई या आपराधिक बल का उपयोग करने का आरोप नहीं लगाया गया था। इस प्रकार यह तर्क दिया गया है कि ऐसी छोटी घटनाओं पर कार्रवाई जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जहां कोई आरोप नहीं है। प्रदर्शन का आयोजन एक सिविल ठेकेदार की मौत के बाद तत्कालीन मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर किया गया था।

# हमारी भूमि और भाषा हमेशा प्रथम प्राथमिकता : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि कर्नाटक की भूमि और कन्नड़ भाषा हमेशा सरकार के लिए पहली प्राथमिकता है। केपीसीसी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, बेलगावी में रहने वाले बहुत सारे मराठी लोग कर्नाटक से हैं। कर्नाटक की भूमि और भाषा हमेशा पहली प्राथमिकता रहेगी। सभी को एकजुट रहना होगा।

एक रिपोर्टर की टिप्पणी का जवाब देते हुए कि एमईएस ने महाराष्ट्र सरकार से बेलागवी में एक कार्यालय स्थापित करने का अनुरोध किया था।

उन्होंने कहा, सरकार ने बेलगावी जिले के ग्रामीण इलाकों में लोगों के लिए बहुत सारे बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। वे हमारी भूमि पर रह रहे हैं, सांस ले रहे हैं। हमारी हवा, हमारा पीने का पानी और हमारी जमीन पर खेती कर रहे हैं। हम बेलगावी ग्रामीण को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए आगामी बजट में 900 करोड़ रुपये की परियोजना की घोषणा करेंगे।

उन्होंने 40 प्रतिशत कमीशन के आरोपों की जांच में धीमी प्रगति पर हाई कोर्ट द्वारा असंतोष जताने की ओर इशारा करते हुए कहा, 'जांच एक कमेटी को दी गई है, यह उनका काम है।'



## लोस चुनाव के लिए एक और सर्वेक्षण के बाद कर्नाटक में कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम तय होंगे : शिवकुमार

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को संकेत दिया कि कांग्रेस संभावित उम्मीदवारों की संभावनाओं पर एक और दौर के सर्वेक्षण के बाद लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देगी। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने यहां मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और पार्टी महासचिव एवं कर्नाटक मामलों के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य लोगों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा, ''आज हमने अपने जिला सचिवों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पेश सर्वेक्षण रिपोर्ट पर चर्चा की। हम उनसे सर्वेक्षण का एक और दौर करने के लिए कहेंगे। इसके बाद हम निर्णय लेंगे।'' शिवकुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''सूची को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। अगली बैठक नई दिल्ली में होगी।''



# रामकुमार शीर्ष वरीयता प्राप्त नार्डी को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बेंगलूरु।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बुधवार को यहां बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार ने शानदार खेल के दम पर नार्डी को बेसलाइन के पास रोके रखा। दूसरे सेट की शुरुआत चार गेम सर्विस करने वाले खिलाड़ियों ने जीते लेकिन रामकुमार ने पांचवें गेम में सर्विस ब्रेक कर 3-2 की बढ़त बनायी और फिर अपनी सर्विस को भुना कर इसे 4-2 किया। रामकुमार इसके बाद सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

# छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**मंगलूरु।** दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी में एक निजी स्कूल के शिक्षक को एक छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि धर्मस्थल के पीजाथडका की रहने वाली छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसे गंभीर हालत में बेंगलूरु स्थित विक्टोरिया अस्पताल स्थानांतरित किया गया लेकिन सोमवार को उसकी मौत हो गई। जांच में यह पता चलने पर कि छात्रा ने चित्रकला शिक्षक के एक अपमानजनक संदेश के चलते आत्महत्या की कोशिश की थी। यह संदेश कथित तौर पर अध्यापक ने छात्रा के एक सहपाठी को भेजा था। जांच के आधार पर पुलिस ने शिक्षक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।



# महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें, इसकी कोशिश पूरे समाज को करनी है : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है।

राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा? राष्ट्रपति ने कहा, इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरूष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए।

ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

उन्होंने कहा, जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

## कोटा में जेईई अभ्यर्थी लापता, सीसीटीवी में जंगल में जाता दिखा

कोटा। राजस्थान में कोटा में एक जेईई अभ्यर्थी पिछले दो दिन से लापता है, जिसे आखिरी बार जंगल की ओर जाते हुये देखा गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश का मूल निवासी रचित सोंध्या एक साल से अधिक समय से कोटा के एक संस्थान से संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए कोचिंग ले रहा था। सोंध्या रविवार दोपहर नियमित परीक्षा के लिए जवाहर नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने छात्रावास से निकाला था।

एक सीसीटीवी फुटेज में उसे कैब लेते देखा गया। पुलिस ने बताया कि वह गराडिया महादेव मंदिर पहुंचा जहां से उसे आखिरी बार जंगल की ओर प्रवेश करते देखा गया।

पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि सोंध्या का बैग, मोबाइल, कमरे की चाबियां और अन्य सामान सोमवार देर शाम मंदिर के पास से बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि पुलिस और राज्य आपदा मोचन दल (एसडीआरएफ) टीम तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है।

# केंद्र सरकार को किसानों की मांगें माननी चाहिए : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार की जिद और अड़ियल रवैये के कारण किसान एक फिर आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। पायलट कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में घोषणा की कि हमारी सरकार बनने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को एक कानूनी प्रावधान बनायेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने एमएसपी को सरकारी जामा पहनाकर लागू करने का औपचारिक वादा किया है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया जाएगा। पायलट ने कहा, लगातार किसान आंदोलन कर रहे हैं, उनके हितों को ताक पर रखकर तीन काले कानून बनाये गये थे, तब किसानों ने डेढ़ साल तक आंदोलन किया। सैकड़ों लोगों की मौत हो गई जिसके बाद इन कानूनों को वापस लिया गया। उन्होंने कहा, दो साल पहले केन्द्र सरकार ने एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किया था.. अब केन्द्र सरकार का कार्यकाल खत्म हो रहा तो सरकार को अपने वादे पर खरा उतरना चाहिए था।

पायलट ने कहा, मुझे नहीं लगता कि केन्द्र सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। किसानों से उन्होंने बहुत सारे वादे किये हैं.. लेकिन उनके(किसानों के) साथ जुमलेबाजी हुई है.. उनके साथ न्याय नहीं हुआ है।

पूर्व उप मुख्यमंत्री ने सवाल किया, हजारों की संख्या में अलग-अलग राज्यों से किसान आंदोलित क्यों हैं? उन्होंने कहा, कांग्रेस उनका नैतिक समर्थन कर रही है क्योंकि उनकी मांग से हम सहमत हैं।

परंतु यह किसानों का आंदोलन है इसमें कोई राजनीति नहीं है.. सरकार को जिद छोड़नी चाहिए.. किसानों की मांग माननी चाहिए। पायलट ने कहा, जिस प्रकार से बल प्रयोग करके उनकी आवाज को दबाया जा रहा है, उसे ये किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से नामांकन दाखिल करने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है और उनके नामांकन से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# जगपुरा गोल्ड माइंस की नीलामी के साथ ही राजस्थान की धरा उगलेगी सोना : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं खान व भूविज्ञान विभाग के मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का माइनिंग विभाग एक माह में ही नया इतिहास रचने जा रहा है। बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा में प्रदेश की पहली सोने की खानों की नीलामी की युद्ध स्तर पर तैयारी करते हुए सोने की दो खानों की ई-नीलामी की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही करीब एक माह में ऑक्शन के लिए भारत सरकार के ई पोर्टल पर निविदा जारी कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में नई सरकार बनते ही पहले 15 दिन का अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाकर खनन माफिया पर प्रभावी कार्यवाही की गई, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु की गई है। करौली सहित आयरन ओर के नए डिपोजिट्स की नीलामी से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। अब प्रदेश में सोने के खनन की राह प्रशस्त होने जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा खान व भूविज्ञान विभाग के मंत्री भी है। खान सचिव श्रीमती आनन्दी ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा के 14 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सोने के विपुल भण्डार हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के भू-वैज्ञानिकां द्वारा इस क्षेत्र में तांबें की खोज के लिए किये जा रहे एक्सप्लोरेशन के दौरान यहां पहली बार स्वर्ण के संकेत देखे गये। इस क्षेत्र में व्यापक एक्सप्लोरेशन के बाद 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। यहां स्वर्ण अयस्क के खनन के दौरान एक मोटे अनुमान के अनुसार एक लाख 74 हजार टन से अधिक कॉपर, 9700 टन से अधिक निकल और 13500 टन से अधिक कोबाल्ट खनिज प्राप्त होगा। राज्य सरकार के राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए दोनों ब्लॉक को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

भूकिया जगपुरा में गोल्ड की इन खानों से सोने के साथ ही प्रचुर मात्रा में कॉपर, निकल और कोबाल्ट खनिज प्राप्त होगा। इससे देश और प्रदेश में इलेक्ट्रोनिक, पेट्रोलियम, पेट्रोकेमिकल, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होंगे। कॉपर इण्डस्ट्रीज के साथ ही कॉपर का इलेक्ट्रोनिक क्षेत्र में कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी वहीं निकल से बैटरी उद्योग, सिक्कों की ढ़लाई, इलेक्ट्रोनिक उद्योग आदि को बूम मिलेगा।

# महिला अपने दो बच्चों के साथ घर में बने पानी के 'टांके' में कूदी, तीनों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बालोतरा जिले के समदड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ घर में बने पानी के 'टांके' में कूदकर कथित आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी महेश गोयल ने बुधवार को बताया कि वालू गांव निवासी नखत कंवर (35) ने अपने दो बच्चों पूजा कंवर (9) और जोग सिंह (7) के साथ मंगलवार शाम को घर में बने पानी के टांके मे कूदकर कथित आत्महत्या कर ली।

'टांका' राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में पानी जमा कर रखने के लिए बनाई जाने वाली भूमिगत टंकी होती है। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर तीनों के शवों को पानी के टांके से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भिजवाया।

उन्होंने बताया कि बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिये गये। परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है।

गोयल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के मुताबिक महिला मानसिक रूप से असंतुलित थी और संभवतया इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है। वास्तविक कारणों का खुलासा जांच और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद चल पायेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सोनिया गांधी ने राजस्थान से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान से आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा भवन में नामांकन दाखिल करने के समय उनके बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मौजूद थे।

नामांकन दाखिल करने से पहले सोनिया गांधी ने विधानसभा की विपक्षी लॉबी में पार्टी विधायकों से मुलाकात की। कांग्रेस राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों में से एक पर आसानी से जीत हासिल कर सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अप्रैल में छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह सीट खाली हो जाएगी।

लोकसभा सांसद के रूप में पांच कार्यकाल पूरे करने के बाद उच्च सदन में यह सोनिया गांधी का पहला कार्यकाल होगा। 77 वर्षीय कांग्रेस नेता उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वह अगला आम चुनाव नहीं लड़ेंगीं। 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालने के बाद वह पहली बार सांसद चुनी गईं थी। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में आदरणीय श्रीमती सोनिया गांधी जी की घोषणा का दिल से स्वागत करते हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री का पद त्याग दिया था। उन्होंने कहा, आज राजस्थान से राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में उनके नामांकन की घोषणा पूरे राज्य के लिए खुशी की बात है और इस घोषणा के साथ सभी पुरानी यादें ताजा हो गईं।

15 राज्यों से राज्यसभा के कुल 56 सदस्य अप्रैल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं और सीटों के लिए चुनाव 27 फरवरी को होंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद सोनिया गांधी राज्यसभा में प्रवेश करने वाली गांधी परिवार की दूसरी सदस्य होंगी। इंदिरा गांधी अगस्त 1964 से फरवरी 1967 तक उच्च सदन की सदस्य थीं। सोनिया गांधी ने 2019 में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी लोकसभा चुनाव होगा।

अटकलें लगाई जा रही हैं कि सोनिया गांधी के इस बार चुनाव नहीं लड़ने के बाद उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकती हैं। सोनिया गांधी ने तेलंगाना या कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्य के बजाय राजस्थान से चुनाव लड़ने का फैसला किया। राजस्थान में पार्टी तीन सीटों में से एक पर आसानी से जीत की स्थिति में है।

# सूर्य नमस्कार का विरोध करने वाले बहरुपिया : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अमर उजाला के साथ बातचीत की। खेलों से जुड़ी हुई राजनीति को दूर करना, खेलों में आज तक जितना भी भ्रष्टाचार हुआ है, उसको खोजकर निकालना और खिलाड़ी को सिर्फ खिलाड़ी रहने देना और खिलाड़ी को खेल की भावना से आगे बढ़ाने की बात कही।

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर बोले, ओलंपियन बनाना चुनौती का काम है। दोनों ही पक्षों को मेहनत करनी होगी। सरकार के पक्ष पर हम ध्यान रखेंगे कि कोई कमी न रह जाए। लेकिन खिलाड़ी को अपने पक्ष पर मेहनत पर ध्यान रखना होगा कि मेहनत में कोई कमी न रह जाए। सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा नामांकन पर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, पूरी कांग्रेस की मानसिकता सिर्फ गांधी परिवार की गुलामी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। यही कारण है कि आज कांग्रेस का यह हाल है। अबूधाबी में बने मंदिर और राजस्थान में चल रहे सूर्य नमस्कार के विरोध को लेकर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, यह सब बहरुपिया हैं।

इनका असली चेहरा जनता के सामने आने लगा है। एक तरफ पूरी दुनिया सनातन को अपनाने में लगी है और यह राजनीतिक द्वेष के चलते योग जैसी विद्या से आमजन को दूर करने का षड्यंत्र कर रहे हैं।

## ईडी ने 'अवैध' खनन से जुड़े धनशोधान मामले में तलाशी ली

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है।

## जानकारी



बीकानेर में बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के दर्शन कर आस्था स्पेशल ट्रेन से वापस लौटे बीकानेर के रामभक्तों से केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मुलाकात कर यात्रा के अनुभव व व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# युवा राष्ट्र की निधि, सड़क सुरक्षा में इनकी भागीदारी अहम : उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। उप मुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि युवा राष्ट्र की निधि है, सड़क सुरक्षा में इनकी भागीदारी अहम है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा में युवाओं सहित सभी आमजन भागीदार बन अपनी जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए नवाचारो के माध्यम से जन जागरुगता का प्रयास करना चाहिये। साथ ही प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित करना चाहिए ।

डॉ. बैरवा बुधवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में 'सभी की भागीदारी हों मानवता को बचाने की हम सबकी जिम्मेदारी हो' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संभोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत पीड़ित की सहायता करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा पाठ्यक्रम को शामिल करें और गाँव – ढाणियों तक लोगों को व्यापक जागरूक करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना और जागरूकता के लिए विद्यालयों में साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जाये। समारोह में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि विश्व में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 13 प्रतिशत भारत में होती है यह चिन्ता का विषय है।

उन्होंने रोड़ सेफटी को एक सतत प्रक्रिया बताया। कार्यक्रम में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न आरटीओं कार्यालयों द्वारा जनजागरूकता के लिए किये गयें प्रयासों की जानकारी दी।

इस अवसर पर परिवहन विभाग के कार्मिकों द्वारा लघु नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की पालना संदेश दिया। इस अवसर पर परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के अधिकारी एवं सामाजिक कार्यक्रता उपस्थित रहें।

# कांग्रेस ने राजनीति कर ईआरसीपी को लटकाये रखा : शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर राजस्थान पूर्वी नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर राजनीति कर परियोजना को लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार ने इस परियोजना का मार्ग प्रशस्त किया है। शर्मा ने कहा, एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी राजस्थान के लिए पेयजल और सिंचाई के वास्ते भरपूर पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा, केंद्र एवं राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार ने मात्र सवा माह में इस परियोजना में आ रही बाधाओं को दूर कर इसे मूर्त रूप देने का मार्ग प्रशस्त किया है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने इस परियोजना को लटका कर रखा था।

शर्मा भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय परिसर में महाराजा सूरजमल की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के अनावरण एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अंचलों में युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# विभाकर शास्त्री भाजपा में हुए शामिल, कांग्रेस से इस्तीफा दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की।

शास्त्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपिंदर सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए।

विभाकर शास्त्री ने इससे पहले कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित पोस्ट में अपने त्यागपत्र की घोषणा की। विभाकर शास्त्री ने कहा, सम्मानीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी, मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं।विभाकर शास्त्री पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते और हरि कृष्ण शास्त्री के बेटे हैं। उन्होंने पूर्व में उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था लेकिन असफल रहे थे।



पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस का दामन छोड़ा है जिनमें अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, प्रियंका चतुर्वेदी, सुष्मिता देव, आरपीएन सिंह, जयवीर शेरगिल शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि शास्त्री का भाजपा में आना सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक स्वागत योग्य संदेश है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार से हैं, इसलिए यह स्वाभाविक है कि पार्टी को इस फैसले से फायदा होगा।

शास्त्री के एक अन्य रिश्तेदार सिद्धार्थ नाथ सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया। सिद्धार्थ नाथ सिंह वर्तमान में इलाहाबाद पश्चिम सीट से भाजपा के विधायक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की मार्गदर्शक भावना 'सबका साथ सबका विकास' हर किसी को आकर्षित कर रही है।

## बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में विस्फोट, दो लोगों की मौत

**बांदा (उप्र)/भाषा।** बांदा से सटे चित्रकूट जिले में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम में बुधवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। चित्रकूट के जिलाधिकारी (डीएम) अभिषेक आनंद ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चित्रकूट इंटर कॉलेज के मैदान में किया जा रहा है। बुधवार शाम आतिशबाजी का कार्यक्रम निश्चित था, इसके लिए मंच के पीछे पटाखे रखे थे। उन्होंने बताया कि आतिशबाजी करने से पहले अपराह्न करीब सवा तीन बजे अचानक पटाखों में विस्फोट हो गया, जिससे वहां काम कर रहे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डीएम ने बताया कि अभी मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो पाई। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज भेजा गया है।



## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में तेज गति से आगे बढ़ रहा भारत : नकवी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसका फार्मा क्षेत्र जीवन रक्षक दवाएं मुहैया कराने में दुनिया का अगुआ बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहा है।

नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण सिर्फ प्रत्येक भारतीय को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मुहैया कराना ही नहीं बल्कि किफायती चिकित्सा सेवा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से स्वास्थ्य और फार्मा क्षेत्र में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि कुछ अनुमानों के मुताबिक, भारत का फार्मा क्षेत्र 130 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल के एक कार्यक्रम में नकवी ने कहा, अमेरिकी मंजूरी वाले 10 से अधिक सक्रिय एपीआई उत्पादों वाली फार्मास्युटिकल सुविधाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत इस क्षेत्र में दुनिया के अगुआ के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने दावा किया कि आयुष्मान भारत, दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है और कुछ देशों को इससे ईर्ष्या है। नकवी ने कहा, सरकार की मंशा यही है कि कोई भी न छूटे और मेरी पार्टी की मंशा भी यही है अंत्योदय।

## बंगाल में 'जंगलराज, ममता बनीं 'मूकदर्शक, पद से इस्तीफा दे देना चाहिए : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि क्षेत्र में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के दावों पर विरोध प्रदर्शनों और झड़पों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि राज्य में 'जंगलराज' कायम है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में पश्चिम बंगाल में 'पूर्ण अराजकता व्याप्त' है और मुख्यमंत्री बनर्जी संदेशखालि में आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार और उनका शोषण करने वाले अपनी पार्टी के 'गुंडों' को संरक्षण दे रही हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में जंगलराज है। तृणमूल कांग्रेस के गुंडे महिलाओं का बलात्कार और शोषण कर रहे हैं...विशेष रूप से जनजातीय समुदाय की महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। हिन्दू महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मूकदर्शक बनी हुई हैं। बहुत ही चिंताजनक स्थिति है।

भाटिया ने कहा कि यह पूरी तरह स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा, बनर्जी को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और अगर उनमें थोड़ी भी शिष्टता बची है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। तभी पीड़ितों को इंसाफ मिल सकेगा।

## कांग्रेस के दो विधायक असम 'सरकार में हुए शामिल, लेकिन विपक्षी दल में बने रहेंगे : हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ और पूर्व मंत्री बसंत दास ने ''सरकार में शामिल होने'' का फैसला किया है। पुरकायस्थ कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कार्यकारी प्रमुख थे, जबकि दास तरुण गोगोई सरकार में मंत्री रहे थे। दास 2021 में मंगलदोई सीट से चुने गए थे। राज्य में भाजपा-नीत सरकार का नेतृत्व कर रहे शर्मा ने बजट सत्र के दौरान दोनों विधायकों का विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री के कक्ष में स्वागत किया।

पुरकायस्थ, कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) में रहने के समय से ही पार्टी से संबद्ध रहे थे। वह 2021 में करीमगंज उत्तर सीट से विधानसभा के लिए चुने गए थे। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, नरेन्द्र मोदी-नीत केंद्र सरकार में विश्वास जताते हुए, कांग्रेस के दोनों विधायकों ने सरकार का समर्थन करने का फैसला किया है। सभी जन कल्याणकारी कार्यक्रमों और रचनात्मक कार्यों में वे राज्य एवं केंद्र सरकार का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे चुके पुरकायस्थ, और दास विपक्षी दल के विधायक बने रहेंगे, लेकिन जनता के लिए काम करने के वास्ते असम सरकार को बिना शर्त समर्थन दिया है।

## शरद पवार वाली राकांपा का किसी राजनीतिक दल में विलय नहीं होगा : सुले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) किसी भी राजनीतिक दल के साथ विलय नहीं करेगी। पार्टी की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बुधवार को जोर देते हुए यह बात कही। यहां पार्टी प्रमुख शरद पवार के आवास पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) की एक बैठक के बाद सुले संवाददाताओं को संबोधित कर रही थीं।

पवार और सुले के अलावा महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और राजेश टोपे, सांसद अमोल कोल्हे और श्रीनिवास पाटिल के साथ-साथ अन्य नेता बैठक में मौजूद थे। पार्टी के विलय की खबरों को लेकर पूछने पर सुले ने कहा, हमारा गुट किसी राजनीतिक दल से विलय नहीं करेगा। हम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के हिस्से के रूप में आगामी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, आज की बैठक आगामी लोकसभा चुनाव और विपक्ष गठबंधन 'इंडिया') की योजना के उद्देश्य से की गई। रैली को कौन-कौन संबोधित करेगा उन नेताओं के नामों के इर्द-गिर्द चर्चा हुई।

पार्टी की पुणे शहर की इकाई के अध्यक्ष प्रशांत जगताप ने कहा, हमारी पार्टी के विलय को लेकर आ रही खबरें गलत हैं। हम एक नए नाम और नए चिह्न के साथ सामने आएंगे। उन्होंने कहा, आज की बैठक आगामी राज्यसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई थी। 24 फरवरी को पुणे में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की प्रस्तावित रैली को लेकर भी चर्चा हुई।

## रास चुनावः नड्डा गुजरात से तो वैष्णव ओडिशा से भाजपा उम्मीदवार, अशोक चव्हाण को भी टिकट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमश: ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के अगले ही दिन पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बना दिया।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। विधानसभा में भाजपा के संख्याबल को देखते हुए सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। गुजरात की 185-सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 156 सदस्य हैं।

## एमएसपी पर किसानों से झूठ बोला गया, पीएम को माफी मांगनी चाहिए : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को केंद्र सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर किसानों से झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि सिर्फ कांग्रेस की 'किसान न्याय गारंटी' से ही किसानों की फसल के लिए स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के मुताबिक एमएसपी सुनिश्चित हो सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बार-बार वादा करने के बावजूद मोदी सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी देने से क्यों भाग रही है? वर्ष 2011 में मुख्यमंत्री और एक कार्य समूह के अध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि हमें किसान के हितों की रक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसान और व्यापारी के बीच कोई भी खरीद-बिक्री एमएसपी के नीचे न हो। 2014 में लोस चुनाव के प्रचार के दौरान कई भाषणों और चुनावी रैलियों में उन्होंने वादा किया था कि सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी, जिसमें सभी तरह की लागत व 50% मूल्य (एमएसपी का स्वामीनाथन फॉर्मूला) शामिल होगा। लेकिन आज तक न तो एमएसपी की कानूनी गारंटी है और न ही यह 'सी2+50 प्रतिशत' के स्वामीनाथन फॉर्मूला के आधार पर है।

## बेहमई सामूहिक हत्याकांड मामले में 43 साल बाद सुनाया गया फैसला, एक आरोपी को उम्र कैद

**कानपुर (उप्र)/भाषा।** कानपुर देहात के चर्चित बेहमई सामूहिक हत्याकांड के 43 साल पुराने मामले में बुधवार को फैसला सुनाया गया। वारदात के दोषी एक व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। कानपुर देहात के जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव पोरवाल ने बताया कि 14 फरवरी 1981 को कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र स्थित बेहमई गांव में दस्यु फूलन देवी और उसके गिरोह ने 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में कानपुर देहात की डकैती रोधी अदालत के न्यायाधीश अमित मालवीय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद एक आरोपी श्याम बाबू को दोषी मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है जबकि एक अन्य आरोपी विश्वनाथ को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

## साक्षी और बजरंग ने डब्ल्यूएफआई पर निलंबन हटवाने के लिए कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवानों साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख संजय सिंह ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग द्वारा लगाया प्रतिबंध हटवाने के लिए कपटपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया और डब्ल्यूएफआई के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन फिर शुरू करने की धमकी दी।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट के खिलाफ कोई भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के समय पर चुनाव कराने में नाकाम रहने पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने यह निलंबन पिछले साल अगस्त में लगाया था। डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह की महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए गिरफ्तारी की मांग करते हुए बजरंग, साक्षी और विनेश ने एक साल से अधिक समय तक विरोध-प्रदर्शन किया था। साक्षी ने 'एक्स' पर डाले वीडियो में कहा, हमें कल पता चला कि संजय सिंह ने निलंबन हटवाने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के साथ कोई सांठगांठ कर ली है। बृज भूषण और संजय सिंह ने स्वयं को कानून से ऊपर दिखाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। साक्षी ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण के विश्वास पात्र को डब्ल्यूएफआई का संचालन करने की स्वीकृति दी जाएगी तो प्रतिस्पर्धाकारी पहलवानों के पास विरोध दोबारा शुरू करने के अलावा कोई रास्ता नहीं होगा। उन्होंने कहा, हमारा विरोध सिर्फ निलंबित है। मैंने भले ही कुश्ती से संन्यास ले लिया हो लेकिन मैं बर्दाश्त नहीं करूंगी कि बृज भूषण या उसके लोग महासंघ को चलाएं और महिलाओं का उत्पीड़न करें।

साक्षी ने कहा, दो-चार दिन में हम हमारे विरोध से जुड़े लोगों से संपर्क करेंगे व भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करेंगे। मैं सरकार से अपील करती हूं कि वे सुनिश्चित करें कि बृज भूषण या उसके गुट को महासंघ के संचालन से प्रतिबंधित किया जाए और यह काम करने की जिम्मेदारी अच्छे लोगों को सौंपी जाए। अन्यथा हमें फिर विरोध-प्रदर्शन की राह पर चलना होगा।

## राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोनिया, माकन और सिंघवी समेत 10 उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। हुसैन और चंद्रशेखर वर्तमान में उच्च सदन के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से स्थानीय नेता अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इससे पहले पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था जिन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। पार्टी ने वरिष्ठ अधिवक्ता और अपने प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाया है। सिंघवी फिलहाल पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्य हैं। उनका कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। बिहार से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया गया है। उनका कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। कांग्रेस ने महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को प्रदेश से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है।

## 'इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वे बस अलग तरह से खेलते हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**राजकोट/भाषा।** भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत को हराया था लेकिन मेजबान टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी हासिल कर ली। तीसरा टेस्ट गुरुवार से यहां शुरू हो रहा है।

जडेजा ने तीसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमें के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा, अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते।

जडेजा ने कहा कि भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा, अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और विकेट भी नहीं मिलें। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा, यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है। मैं मैदान में कहीं छिप नहीं सकता, मैं किसी भी प्रारूप में हमेशा महत्वपूर्ण स्थानों पर रहता हूं और शायद यही कारण है (चोट लगने का) और गेंद अक्सर मेरे पास आती है। जडेजा ने कहा कि चोटों से बचने के लिए उन्हें चतुराई भरे बदलाव करने होंगे। उन्होंने कहा, मैं अपना शत प्रतिशत देना चाहूंगा और अपने शरीर को बचाना चाहूंगा और जब जरूरत नहीं हो तो कूदने से बचूंगा। बस यही है।

## राजकोट में चलेगा जसप्रीत बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू : जहीर



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर पांच टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा, उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। उन्होंने कहा, इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा, आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी। और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवेस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। उन्होंने कहा, मुख्य मुकाबला जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा। शाह ने कहा, जब वह पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता है तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। क्योंकि वह विकेट लेता है और रन नहीं देता। इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने अनुभवी जेम्स एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी टीम में जगह दी है। भारत अपनी टीम की घोषणा गुरुवार को टॉस के दौरान करेगा।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप : सिंधू की जीत के साथ वापसी, भारत ने चीन को 3-2 से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शाह आलम (मलेशिया)/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को यहां जीत दर्ज की जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की मजबूत टीम को 3-2 से हराया।

ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने के कारण पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया। थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को शीर्ष वरीय चीन से भिड़ेगी जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता 28 साल की सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यू शेंग शू और टैन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई जिससे तीन मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में अनमोल खरब ने दुनिया की 149वें नंबर की वू लुओ यू को एक घंटे और 17 मिनट में 22-20 14-21 21-18 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की।

## सुविचार

यह मत भूलो कि बुरे विचार और बुरे कार्य तुम्हें पतन की ओर ले जाते हैं। इसी तरह अच्छे कर्म व अच्छे विचार लाखों देवदूतों की तरह अनंतकाल तक तुम्हारी रक्षा के लिए तत्पर हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# सहिष्णुता का नया सूर्योदय

सनातन धर्म की ध्वजा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी लहराएगी। अरब भूमि पर वैदिक मंत्र गूंजेंगे, घंटियों की कर्णप्रिय ध्वनि और मंगल गीत सुनाई देंगे। धूप-दीप से वातावरण सात्विक होगा। भगवान के भजनों और जयकारों का संदेश हर दिशा में जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन ऐतिहासिक घटना है। मंदिर-निर्माण के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान का सहयोग अत्यंत प्रशंसनीय है। उनकी उदारता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब मंदिर के लिए जमीन की बात चल रही थी तो उन्होंने कहा, 'जिस जमीन पर लकीर खींच देंगे, वह दे दूंगा।' ऐसे उदार शासक यशस्वी होते हैं। उनकी कीर्ति संपूर्ण विश्व में फैलती है। किसी अरब देश में मंदिर का निर्माण होना कोई सामान्य बात नहीं है। वहां ऐसे कार्यों का विरोध करने वाले तत्त्व मौजूद होते हैं, लेकिन यूएई के राष्ट्रपति ने जिस तरह सहयोग किया, वह अद्भुत है। आज अरब देशों में लोग सनातन धर्म को बहुत ध्यान से देख रहे हैं। भारतीय संस्कृति, वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, योग, आयुर्वेद, ज्योतिष ... आदि में उनकी रुचि बढ़ती जा रही है। वे यह भी देख रहे हैं कि सनातन धर्म किसी एक देश या एक समुदाय की नहीं, बल्कि सबके कल्याण की बात करता है। ऐसा दर्शन अन्यत्र दुर्लभ है।

> भावावेश में आकर न तो कोई अनुचित टीका-टिप्पणी करें और न कोई गर्वोक्तिपूर्ण दावा करें। सनातन धर्म सबके सुखी होने, सबके स्वस्थ होने और सबका भला चाहने का संदेश देता है।

पिछले कुछ वर्षों में अरब देशों में नई सोच और नई दृष्टि रखने वाले राजनेताओं का उदय हुआ है। वे अपने देशों के दरवाजे हर समुदाय के लिए खोल रहे हैं। वे भविष्य की ऊर्जा व पर्यावरण संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इमारतें बनवा रहे हैं। पहले जहां महिलाओं को कार चलाने और दफ्तरों में कामकाज करने की अनुमति नहीं दी जाती थी, अब हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जनता के लिए संगीत व नृत्य संबंधी आयोजन करवाए जा रहे हैं। सख्त कानूनों को नरम किया जा रहा है। वास्तव में ये कदम दूरदर्शी शासकों की निशानी हैं। आधुनिक शिक्षा प्राप्त और दुनिया की दशा व दिशा को समझने वाले ये शासक जानते हैं कि भविष्य में तेल की कमाई घटने वाली है। ऊर्जा के नए विकल्प सामने आ रहे हैं। लिहाजा वे पर्यटन को बढ़ावा दे रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियों के दफ्तर खोल रहे हैं। वे देशवासियों को बहु-सांस्कृतिक समाज से परिचित करवा रहे हैं। उनमें सहिष्णुता का प्रसार कर रहे हैं। हाल में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने भी ऐसे कई बदलाव किए हैं। आश्चर्य की बात है कि इसके लिए सऊदी की जनता तो उनकी प्रशंसा कर रही है, लेकिन पाकिस्तान में विरोध किया जा रहा है! अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का भी पाक में काफी लोग विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया ऐसी नकारात्मक टिप्पणियों से भरा पड़ा है, लेकिन यूएई, सऊदी अरब जैसे देशों में लोग इस मंदिर-निर्माण का स्वागत कर रहे हैं। भारतीय यूट्यूबरों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को इस मामले में विशेष सावधानी बरतनी होगी। यह मंदिर सद्भाव, प्रेम एवं शांति का प्रतीक है। यह सहिष्णुता एवं मानवता का प्रतीक है। यह मंदिर हमें विनम्र रहना भी सिखाता है। इसलिए भावावेश में आकर न तो कोई अनुचित टीका-टिप्पणी करें और न कोई गर्वोक्तिपूर्ण दावा करें। सनातन धर्म सबके सुखी होने, सबके स्वस्थ होने और सबका भला चाहने का संदेश देता है। यही हमारे विचारों, शब्दों और कार्यों से भी प्रदर्शित होना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



देश एवं प्रदेश में विकास की गति को जारी रखने के लिए पुष्कर-मेड़ता व मेड़ता सिटी-रास रेलवे लाइन को मोदी सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इस सौगात के लिये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हार्दिक आभार।

**-दीया कुमारी**



संसदीय क्षेत्र कोटा के मोड़क में टिफिन विद दीदी कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों के साथ भोजन किया। हम इन बहनों को लखपति दीदी बनने में हरसंभव सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बहनें आत्मनिर्भर होंगी तो ही विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि होगी।

**-ओम बिरला**



सोनिया गांधी का जीवन त्याग, बलिदान और स्वाभिमान का प्रतिबिंब है। उन्होंने हमेशा देश सेवा के धर्म को प्राथमिकता दी एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सदैव उनके लिए सर्वोपरि रहा है। उनका उच्च आचरण और मार्गदर्शन हमारे लिए एक मिसाल के रूप में रहा है।

**-सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# राज-पाट का मूल्य

निजामुद्दीन ओलिया और तत्कालीन सुल्तान एक-दूसरे को पसन्द नहीं करते थे। सुल्तान ने दरगाह को मिलने वाली इमदाद पर रोक लगा दी। लेकिन निजामुद्दीन ने जनसहयोग से लंगर चलाया। सुल्तान नाराज हो गया। मगर कुछ समय के बाद सुल्तान गम्भीर रूप से बीमार हो गया। उसका पेशाब बन्द हो गया। सुल्तान की मां जियारत करने ओलिया निजामुद्दीन की दरगाह पर आई। हजरत निजामुद्दीन ने सुल्तान को ठीक करने के लिए सम्पूर्ण राज-पाट के पट्टे की मांग की। राजमाता ने सुल्तान को कहा। सुल्तान ने सम्पूर्ण राजपाट निजामुद्दीन ओलिया के नाम कर दिया और शाही मोहर के साथ पट्टा लिख दिया। सुल्तान के स्वास्थ्य में तुरन्त सुधार शुरू हुआ। पट्टा लेकर जब हजरत निजामुद्दीन के पास कारिन्दे पहुंचे तो हजरत ने राजपाट के पट्टे के टुकड़े-टुकड़े करके पेशाब के बर्तन में फेंक दिए और कहा, 'दरवेशों के लिए राज-पाट का महत्व इतना ही है।' और हजरत खुदा की इबादत करने में मसरूफ हो गए।

## सामयिक

# कितनी व्यावहारिक है एमएसपी कानून की मांग?

**आशीष वशिष्ठ**
मोबाइल : 99 3624 7777

दो साल बाद किसान फिर से सड़कों पर हैं। किसानों की मुख्य मांग सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। किसान सरकार से एमएसपी कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। अभी एमएसपी को कानूनी दर्जा हासिल नहीं है। इसका मतलब है कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह किसानों को एमएसपी का फायदा देगी या नहीं। तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ हुई वार्ता में बिजली कानून, 2020 को रद्द करने, लखीमपुर के किसानों को मुआवजा, पिछले आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, किसानों पर दर्ज आपराधिक मामलों की वापसी आदि मुद्दों पर लगभग सहमति बन गई है, लेकिन बुनियादी गतिरोध न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी के गारंटी कानून पर है। सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी वाला कानून। एमएसपी किसानों को दी जाने वाले एक गारंटी की तरह होती है, जिसमें तय किया जाता है कि बाजार में किसानों की फसल किस दाम पर बिकेगी। दरअसल, फसल की बुआई के दौरान ही फसलों की कीमत तय कर दी जाती है और यह तय कीमत से कम में बाजारों में नहीं बिकती है। एमएसपी तय होने के बाद बाजार में फसलों की कीमत गिरने के बाद भी सरकार किसानों को तय कीमत पर ही फसलें खरीदती है। सरल शब्दों में कहें, तो एमएसपी का उद्देश्य फसल की कीमत में उतार-चढ़ाव के बीच किसानों को नुकसान से बचाना है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि सरकार एमएसपी पर अपनी नीति को स्पष्ट क्यों नहीं करती? यदि एमएसपी गारंटी कानून व्यावहारिक, संभव नहीं है, तो सरकार किसानों को अपना फैसला क्यों नहीं बताती? क्या आम चुनाव के मद्देनजर यह जोखिम नहीं उठाया जा सकता?

कृषि मंत्रालय खरीफ, रबी सीजन समेत अन्य सीजन की फसलों के साथ ही कमर्शियल फसलों पर एमएसपी लागू करता है। वर्तमान में देश के किसानों से खरीदी जाने वाली 23 फसलों पर एमएसपी लागू की गई है। केंद्र सरकार फसलों पर एमएसपी दर लागू करती है और राज्य सरकारों के पास भी एमएसपी लागू करने का अधिकार है। केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से साल 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग यानी सीएसीपी का गठन किया था। यह हर साल रबी और खरीफ फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। पहली बार 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। सीएसीपी के द्वारा की जाने वाली सिफारिशों के आधार पर ही सरकार हर साल 23 फसलों के लिए एमएसपी का ऐलान करती है।



पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि एमएसपी भारत के कृषि कार्यों का अभिन्न अंग है। हालांकि, यह सच्चाई से कोसों दूर है, वित्त वर्ष 2020 के लिए कुल एमएसपी खरीद रु. 2.5 लाख करोड़, यानी कुल कृषि उपज का 6.25 प्रतिशत थी और एमएसपी के तहत उपज का लगभग 25 प्रतिशत थी। असल में गेहूं और धान की फसलों की खरीद ही एमएसपी पर होती है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा और भंडारण के लिए सरकार को इन फसलों की व्यापक खरीद करनी पड़ती है। सरकार जिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटती है, उसके लिए भी थोक में बंदोबस्त करना अनिवार्य है। इसके बावजूद करीब 12-14 फीसदी किसानों को ही खरीद का लाभ मिल पाता है। शेष 85 फीसदी से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। वे सरकारी खरीद के दायरे में बहुत कम आ पाते हैं। इसके अलावा, सरकार के लगातार प्रचार के बाद मोटे अनाज में अब बाजरे की खेती का क्षेत्र बढ़ा है, लिहाजा उसकी खरीद भी बढ़ी है। बाजरे का एमएसपी अच्छा-खासा घोषित किया जाता है। अब, यदि एमएसपी गारंटी कानून लाया जाता है, तो सरकार की नजर अतिरिक्त व्यय पर भी होगी जो सालाना यानी हर साल कम से कम 10 लाख करोड़ का होगा। इसे दूसरी तरह से देखा जाए तो यह लगभग उस व्यय जोकि 11.11 लाख करोड़ रुपये के बराबर है जो इस सरकार ने हाल के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के लिए अलग रखा है। 10 लाख करोड़ पिछले सात वित्तीय वर्षों में हमारे बुनियादी ढांचे पर किए गए वार्षिक औसत व्यय से भी अधिक है। साफ है कि एमएसपी कानून की मांग का कोई आर्थिक या राजकोषीय मतलब नहीं है, और यह सरकार के खिलाफ एक राजनीति से प्रेरित तर्क है। हालांकि, भले ही, तर्क के लिए, कोई यह मान ले कि 10 लाख करोड़ की लागत सरकार द्वारा वहन की जा सकती है तो फिर पैसा कहां से आएगा? क्या हम एक नागरिक के रूप में, बुनियादी ढांचे और रक्षा में सरकारी खर्च होने वाले सरकारी खर्च की भारी कटौती को कम करने के लिए तैयार हैं? या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से अधिक कराधान के विचार से सहमत हैं? लोकसभा चुनाव अब बमुश्किल दो महीने दूर है। लिहाजा सियासी तड़का भी लग रहा है। देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने गारंटी कार्ड खेल दिया है- सत्ता में आए तो सबसे सबसे एमएसपी को कानूनी गारंटी देने का कानून लाएंगे। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को किसान आंदोलन में सियासी लाभ का मौका दिख रहा तो मोदी सरकार बातचीत के जरिए किसानों को मनाने और बात न बनने पर उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने की हर मुमकिन कोशिश कर रही है। किसान संगठनों की अपनी मांगें हैं लेकिन आंदोलन की टाइमिंग सवाल खड़े कर रही। चुनाव से पहले ही आंदोलन क्यों? क्या टाइमिंग की वजह से आंदोलन से सियासत की बू नहीं आ रही? वैसे जब भीड़तंत्र के आगे सरकारें सरेंडर करने लगेंगी तो आंदोलन के नाम पर अराजकता से सत्ता को झुकाने की कोशिशें तो होंगी ही।

दो साल पहले का किसान आंदोलन देशवासी भूले नहीं हैं। देश की राजधानी को आंदोलन के नाम पर तकरीबन एक साल तक बंधक बनाकर रखा गया। हत्या, रेप, हिंसा...किसान आंदोलन के दौरान क्या-क्या नहीं हुआ। आंदोलन के नाम पर अराजकता का नंगा नाच दिखा। निस्संदेह, किसी भी संगठन को आंदोलन करने का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन प्रयास होना चाहिए कि आंदोलन हिंसक रूप न ले और आंदोलन योजनाबद्ध ढंग से तार्किक परिणति तक पहुंचे। किसानों के रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। परिवहन व्यवस्था सुधारने के बाबत सुप्रीम कोर्ट की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई है। निस्संदेह, किसानों को अपनी जायज मांगें रखनी चाहिए, वहीं सरकार को भी किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार दिखाना चाहिए। वहीं किसानों को भी आने वाले समय में खेती में आने वाली चुनौतियों को भी नजर में रखना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग, भूजल संकट और अन्य खामियों को दूर करने समेत दीर्घकालीन लक्ष्यों के लिये प्रयास तेज करने चाहिए।

सरकार की दलील रही है कि इतने बड़े देश में हर फसल को एमएसपी के दायरे में लाना व्यावहारिक न होगा और उसका अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हम स्वीकारें कि आज खेती घाटे का सौदा बन गई है। खेती तो क्या, किसी भी उत्पाद का मूल्य सरकार तय नहीं कर सकती। स्पष्ट रूप से, समस्या कृषि या आर्थिक नहीं है बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक है, जिसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले प्रयोजित किया गया है और व्यापक भ्रष्टाचार के रडार के तहत राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित किया गया था। 45 लाख करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 25) के बजट व्यय से, सालाना 10 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का विचार एक वित्तीय आपदा के बराबर है जो स्पष्ट रूप से हमारी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देगा। वहीं यदि किसान संकट में हैं, तो अन्य समुदाय भी अपने आर्थिक और कारोबारी संकट लेकर सडक़ पर उतर सकते हैं। सरकार किस-किस को गारंटी देती रहेगी? लिहाजा ऐसे कानून की मांग अव्यावहारिक दिखाई देती है। क्योंकि सरकार के पास भी आर्थिक स्रोतों की एक सीमा होती है।

## मंथन

# गांव में गूंजने लगा मोदी का 400 पार का नारा

**बाल मुकुन्द ओझा**
मोबाइल : 9414441218

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नज़दीक आते जा रहे है वैसे वैसे कांग्रेस में एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़कर पार्टी के चुनावी भविष्य को पलीता लगा रहे है। साथ ही कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही है। इंडिया गठबंधन के कई घटक एनडीए की तरफ जा रहे है। वहीं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी धीरे धीरे अपने 400 पार लक्ष्य की और बढ़ रहे है। चाय, पान की दुकानों और गली कूंचों में लोग यह चर्चा करते जरूर मिल जायेंगे कि 400 मिले या न मिले मगर सरकार मोदी ही बनाएंगे, इसमें कोई शक नहीं है। एक तरफ पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा निकाल रहे है, दूसरी तरफ पार्टी में भगदड़ मची हुई है। ताज़ा खबर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हाल ही अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। सिद्दीकी ने मुंबई में डिप्टी सीएम अजित पवार और छ्उझ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल सहित दूसरे नेताओं की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। इससे महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा धक्का लगा है। इससे पूर्व आचार्य प्रमोद कृष्णम को भाजपा और मोदी का समर्थन करने से कांग्रेस से निकाल दिया गया। वे भी देर सबेर भाजपा में शामिल हो जायेंगे। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी कांग्रेस से किनारा कर चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में कैप्टेन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आज़ाद ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, जितिन प्रसाद, अशोक तंवर, आरपीएन सिंह, हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर, जैसे नेता कांग्रेस छोड़ चुके हैं। इसके अलावा अशोक चौधरी, हिमन्त बिश्व शर्मा, सुनील जाखड़, अश्वनी कुमार, जैसे बड़े नेता भी पार्टी को अलविदा कर चुके हैं। कांग्रेस में मची इस भगदड़ को सोनिया गांधी राहुल गांधी और अब मल्लिकार्जुन खरगे रोकने में असक्षम साबित हुए हैं। कांग्रेस के लड़खड़ाने के साथ इंडिया गठबंधन भी लगभग बिखरने की स्थिति में आ चुका है। चुनाव से पहले ही मोदी को सत्ताच्युत करने का सपना देखने वाला यह गठबंधन टूट गया। ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग में नहीं हैं। जयंत चौधरी बीजेपी के साथ जा चुके हैं। नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मार भाजपा से गठजोड़ कर चुके हैं। शिवसेना और एनसीपी टूट चुकी है। दोनों का नेतृत्व जिनके पास है, वो कांग्रेस के खिलाफ हैं।

देश में आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा शीघ्र होने जा रही है। चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी अपनी रणनीति बनाकर तैयारियां शुरू करदी है। एक मोर्चा या गठबंधन सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए का है तो दूसरा कांग्रेस की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन का है। देश के अधिकांश राज्यों में एनडीए और इंडिया गठबंधनों के बीच सीधे मुकाबले के आसार है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 38 पार्टियों ने एनडीए के झड़े के नीचे आने का फैसला ाि भी है जो दोनों के साथ नहीं है। इसी के साथ चुनावी बिसात बिछने लगी है और सियासी दलों में एक दूसरे के खिलाफ तीखे आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। इसी दौरान भाजपा ने पहले अयोध्या में राम मंदिर, फिर बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और अब चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का एलान कर विपक्षी पार्टियों से जातीय मुद्दा छीन लिया। इसे मोदी सरकार का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है जबकि विपक्षी पार्टियों का गठबंधनअभी सीट शेयरिंग का मामला भी नहीं सुलझा पाया है। कहा गया है, इस महीने के अंत तक सुलझा लेंगे। 2014 और 2019 के चुनाव में एनडीए की भारी जीत हुई और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पिछले दो लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने अपने मिशन 2024' के तहत नये सिरे से काम करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस और इंडि के विपरीत एनडीए मज़बूत स्थिति में है। मोदी का 400 पार का नारा अब देश की गांव गुवाड़ में गूंजने लगा है। मोदी के नेतृत्व में एनडीए खासा मज़बूत है। यदि कांग्रेस यूँ ही तितर बितर की स्थिति में रहा तो मोदी को अगला लोकसभा चुनाव जीतने में कोई नहीं रोक पायेगा।

## मुद्दा

# कोटा से कैसे मिटेगा आत्महत्याओं का कलंक?

**रमेश सर्राफ धमोरा**
मोबाइल : 9414255034

कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ का रहने वाला स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चैथा मामला है। 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी।

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रुक पा रही है।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं।

ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है।

कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित सरकार हरकत में आई है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला गया है। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए गये हैं जिन पर यदि कोई लटकने की कोशिश करेगा तो उस पर लगी डिवाइस में लगा सायरन बजने लगेगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा था कि कोटा में बच्चों की सुसाइड के लिए उनके माता-पिता जिम्मेदार हैं। क्योंकि परिजन अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा आस लगा लेते हैं। ऐसे में बच्चे डिप्रेशन में आते है और खुदकुशी जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते है।

कोटा में कोचिंग छात्रों के सुसाइड मामलों को लेकर प्रशासन के साथ-साथ पुलिस की स्पेशल सेल भी काम कर रही है। लेकिन फिर भी सुसाइड केस थमने का नाम नहीं ले रहे है। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# पश्चिमी घाट में मेढक के शरीर से मशरूप पनपता देख वैज्ञानिक उलझन में

नई दिल्ली/भाषा। अनुसंधानकर्ताओं ने पश्चिमी घाटों की तलहटी में एक ऐसा मेढक देखा है जिसकी बांई ओर से एक मशरूम पनप रहा है जिसके बाद वैज्ञानिक असमंजस में हैं।

'रेप्टाइल्स और एंफीबियन्स' पत्रिका में इस बारे में जानकारी प्रकाशित की गई है जिससे वैज्ञानिक समुदाय अचंभित है क्योंकि किसी जीवित उभयचर से पहली बार मशरूम उगते हुए देखा गया है। मेढक की पहचान 'राव्स इंटरमीडिएट गोल्डन बैक्ड फ्रॉग' (हाइलारना इंटरमीडिया) के रूप में की गई है। इसे विश्व वन्यजीव कोश (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के अनुसंधानकर्ताओं समेत एक टीम ने पिछले साल 19 जून को कर्नाटक के करकला में देखा था।

यह विशेष प्रजाति कर्नाटक और केरल के पश्चिमी घाटों के लिए स्थानिक है, विशेष रूप से पालघाट गैप के ऊपर के क्षेत्र में, जहां इसे सापेक्ष बहुतायत में पनपने के लिए जाना जाता है।

अनुसंधानकर्ताओं ने सड़क किनारे बारिश के पानी के एक छोटे से तालाब में ऐसे करीब 40 मेढक देखे। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि इनमें से एक के बाएं हिस्से में कुछ अजीब चीज दिखाई दी और करीब से पड़ताल करने के बाद उसकी बांई ओर से एक मशरूम उगता देखा गया। उन्होंने कहा कि मेढक जिंदा है और इस असामान्य स्थिति के बाद भी सक्रिय है।

माइकोलॉजिस्ट द्वारा आगे के विश्लेषण से मशरूम की पहचान बोनट मशरूम (माइसेना प्रजाति) की एक प्रजाति के रूप में हुई, जो आमतौर पर सड़ती हुई लकड़ी पर सैप्रोट्रॉफ़ के रूप में पाया जाता है।

सैप्रोट्रॉफ ऐसी संरचनाएं हैं जो निर्जीव जैविक वस्तुओं पर पैदा होती हैं।

## मोदी ने विदेश में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के हमेशा प्रयास किए : क्वात्रा

अबू धाबी/भाषा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के हमेशा प्रयास किए हैं और अन्य देशों के नेताओं से बात की है। क्वात्रा ने कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की रिहाई से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जब भी भारतीय समुदाय को समस्याओं का सामना करना पड़ा है, तो प्रधानमंत्री, उनके नेतृत्व और उनकी व्यक्तिगत कोशिशों ने यह सुनिश्चित किया है कि उन्हें भारत वापस लाया जाए। कतर ने सोमवार को भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी और जिनकी सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। इनमें से सात भारतीय सोमवार को स्वदेश लौट आए। इन भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। क्वात्रा ने कहा, यह भारतीय समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री द्वारा अपनाए जाने वाले संवेदनशील नजरिए का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### शुभारंभ



हैदराबाद में अभिनेत्री वार्शिनी साउंडराजन, श्रावंती चोकारोपु, चंदिनी भगवानानी और अन्य हिललाइफ प्रदर्शनी के भव्य शुभारंभ पर।

# दुनिया को ऐसी सरकारों की जरूरत जो समावेशी हों, भ्रष्टाचार से मुक्त हों : मोदी

दुबई/भाषा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों और भ्रष्टाचार से मुक्त हों। उन्होंने साथ ही कहा कि पिछले कुछ साल से उनका मंत्र 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' रहा है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी यात्रा के दूसरे दिन यहां 'विश्व सरकार शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों के जीवन में कम से कम हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने 'न्यूनतम शासन, अधिकतम शासन' के मंत्र पर जोर देते हुए कहा, मेरा मानना है कि लोगों को न तो सरकार की अनुपस्थिति महसूस होनी चाहिए, वहीं उन पर सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। असल, मैं मानता हूं कि सरकार को लोगों के जीवन में यथासंभव कम से कम दखल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में भारत में सरकार पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा, जनता को भारत सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता पर भरोसा है। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने जन भावनाओं को प्राथमिकता दी।

मोदी ने कहा, भारत में पिछले कुछ समय में बड़े बदलाव देखने को मिले। भारत का स्वच्छता अभियान हो, डिजिटल साक्षरता अभियान हो या बालिका शिक्षा अभियान हो, ऐसे प्रत्येक बड़े लक्ष्य की सफलता केवल जन भागीदारी से सुनिश्चित हुई है। मोदी ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सरकार में 23 साल बिताए हैं और उनका सिद्धांत 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिला नीत विकास, भारतीय महिलाओं की वित्तीय, सामाजिक और राजनीतिक दशा मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने कहा कि सामाजिक और वित्तीय समावेश उनकी सरकार की प्राथमिकता रहा है तथा 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया। उन्होंने कहा, सामाजिक और वित्तीय समावेश हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा है। हमने 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। ये वो लोग थे जिनके पास कोई बैंक खाता नहीं था।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है कि भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में वैश्विक मंच पर चमक रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों, सभी को साथ लेकर चलें और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा साफ-सुथरी हों।

मोदी ने कहा कि एक तरफ दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही है और दूसरी तरफ पूर्ववर्ती सदियों से चली आ रहीं चुनौतियां तीव्र हो रही हैं। उन्होंने कहा, आतंकवाद अपने विभिन्न स्वरूपों में हर रोज मानवता के सामने नई चुनौतियां ला रहा है। आज जलवायु परिवर्तन समय के साथ तेज हो रहा है।



# अबू धाबी का पहला हिंदू मंदिर वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुशिल्प विधियों का संगम

अबू धाबी/भाषा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अबू धाबी में जिस पहले हिंदू मंदिर का बुधवार को उदघाटन करेंगे उसे वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुकला विधियों का उपयोग करके बनाया गया है।

दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है।

इस मंदिर में तापमान मापने और भूकंपीय गतिविधि पर नजर रखने के लिए उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए उड़न राख यानी 'फ्लाई ऐश' (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) का उपयोग किया गया है। इस मंदिर को करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

मंदिर प्राधिकारियों के अनुसार, इस भव्य मंदिर को 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्रों' में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है। 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्र' ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं।

बीएपीएस के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने 'पीटीआई' से कहा, इसमें वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है, तो मंदिर इसका पता लगा लेगा।

मंदिर के निर्माण प्रबंधक मधुसूदन पटेल ने 'पीटीआई' से कहा ''हमने मंदिर में गर्मी प्रतिरोधी नैनो टाइल और भारी ग्लास पैनल का उपयोग किया है जो पारंपरिक सौंदर्यात्मक पत्थर संरचनाओं और आधुनिक कार्यक्षमता का मेल है। संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं को गर्मी में भी इन टाइल पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। मंदिर में अलौह सामग्री का भी प्रयोग किया गया है।



# फिल्म 'चीख' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गयी है। फ़िल्म चीख में दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की मुख्य भूमिका है। फ़िल्म चीख की कहानी एक जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर विषय पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा,फ़िल्म चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित फ़िल्म है , टेक्नोलॉजी के इस जमाने मे फ़िल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को काफी संज़ीदगी से उठाया गया है । हमलोग इस फ़िल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे । हमें अपनी तैयारियों पर पूरा भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफ़लता के बाद हम यह काफी जिम्मेवारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फ़िल्म बनेगी । दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर इस फ़िल्म को बहुत ही खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा किये हैं। फ़िल्म के इस दूसरे शेड्यूल में हम हर एक सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं । फ़िल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है , और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर आ जाएं ।

स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि हम इस दूसरे शेड्यूल में फ़िल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की पूरी शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है , और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ ही हैं । फ़िल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन पूरी टीम तन्मयता से अपने काम मे लगी हुई थी और इसी जीवटता का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं । पिछले शेड्यूल में हमने यहां इस फ़िल्म को 1 महीने तक फिल्मांकन किया था।

और अब आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है । फिल्म चीख के लेखक धर्मेन्द्र सिंह ,छायांकन विजय मंडल हैं। फ़िल्म चीख के कलाकार हैं दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे,अर्चना जेश केशरवानी हैं।

# मौत की खबर फैलाना पड़ा महंगा, दर्ज हुआ 100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडे ने हाल ही में सर्वाइकल कैंसर से अपनी मौत की झूठी खबर फैलाकर खूब चर्चा बटोरी थी। एक्ट्रेस को उनके इस बेहद खराब पब्लिसिटी स्टंट के लिए काफी ट्रोल भी किया गया था। हालांकि पूनम पांडे ने सफाई दी थी कि उन्होंने अपनी मौत की फर्जी खबर सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उडवाई थी, लेकिन अब पूनम पांडे और उनके पति सैम बॉम्बे अपनी इस करतूत के लिए मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। पूनम और उनके पति पर मानहानि का केस दर्ज किया गया है। पूनम पांडे द्वारा अपनी मौत की झूठी कहानी रचने के कुछ दिनों बाद एक्ट्रेस और उनके पूर्व पति सैम बॉम्बे के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया गया है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक मामला फैजान अंसारी ने दायर किया है। उन्होंने पूनम पांडे पर अपनी मौत का नाटक करके कैंसर की गंभीरता का मजाक बनाने और लाखों लोगों की भावनाओं और विश्वास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कथित तौर पर अधिकारियों से पांडे और



उनके पूर्व पति को गिरफ्तार करने की भी अपील की है। बता दें कि पूनम पांडे ने अपनी 'मौत' की फर्जी खबर की अनाउंसमेंट 2 फरवरी को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की गई एक पोस्ट के जरिए कराई थी। पोस्ट में लिखा गया था, यह सुबह हमारे लिए कठिन है। आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वे सभी से खुशी से मिलती थीं। दुख की इस घड़ी में, हम गोपनीयता का अनुरोध करेंगे, जबकि हम उसे हमारे द्वारा साझा की गई हर बात के लिए प्यार से याद करते हैं। हालांकि, एक दिन बाद एक्ट्रेस ने एक वीडियो स्टेटमेंट जारी कर खुलासा किया कि वह जिंदा हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी मौत की खबर का मकसद सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करना था। हालांकि एक्ट्रेस का ये पब्लिसिटी स्टंट हर किसी को पसंद नहीं आया और कंगना रनौत और करण कुंद्रा सहित कई मशहूर हस्तियों ने एक्ट्रेस पर निशाना साधा। बाद में, ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने भी अभिनेत्री-मॉडल के खिलाफ एफआईआर की मांग करते हुए कहा कि उनकी हरकतें बेहद गलत और अस्वीकार्य थीं।

# शिल्पा शेट्टी ने राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार

मुंबई/वार्ता। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। शिल्पा शेट्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में शिल्पा शेट्टी ने राम मंदिर निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। शिल्पा शेट्टी ने पत्र में लिखा है, 'आदरणीय मोदी जी, कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं।कुछ लोग इतिहास से सीखते हैं. लेकिन आप जैसे लोग इतिहास बदलते हैं। आपने राम जन्मभूमि के पांच सौ वर्षों का इतिहास बदल के दिखा दिया।

# फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल के साथ काम करेंगी प्रीति जिंटा

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में काम करती नजर आयेंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है।लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया,लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन परलाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं।

प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं।फिल्म 1947की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।

# अमिताभ बच्चन ने अपने घर के मंदिर की दिखाई झलक

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर अपने घर के मंदिर की झलक शेयर की है। अमिताभ ने अपने घर 'जलसा' के अंदर स्थित मंदिर की कुछ मनमोहक तस्वीरों की झलक दिखाई। उन्होंने फोटोज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शेयर की। उन्होंने कैप्शन लिखा- आस्था।

अमिताभ बच्चन ने एक्स अकाउंट पर चार तस्वीरें शेयर की। अमिताभ शिवलिंग पर दूध चढ़ाते नजर आ रहे हैं। शिवलिंग के साथ भगवान राम, लक्ष्मण और मां सीता की मूर्ति भी दिखाई दे रही है। दूसरी फोटो में अमिताभ बच्चन तुलसी पर जल अर्पण करते नजर आ रहे हैं।

# नोरा फतेही के जन्मदिन पर 1000 वंचित बच्चों को खिलाया खाना

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गयी और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है! हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं,क्या तोहफा है! मुझे लगता है कि मैं अब तक की सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं जिसके पास ऐसी खूबसूरत लोग हैं जो मुझसे उतना ही प्यार करती हैं जितना मैं उनसे करती हूं! इस तरह के उपहार के लिए धन्यवाद, आप लोगों ने मेरी आंखों में आंसू ला दिए कभी मत बदलो, हमेशा अपने आस-पास के सभी लोगों के प्रति दयालु, प्यार करने वाले और देखभाल करने वाले रहो!



# करण जौहर की वेबसीरीज 'शोटाइम' का ट्रेलर लांच

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिये बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।

शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है।धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया,शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है। साथ ही इसमें यह बताने की कोशिश की जाएगी कि किसी शो या फिल्म बनाने में क्या-क्या करना पड़ता है।

इमरान हाशमी ने कहा,पिछले दो दशकों से भी ज्यादा समय से इंडस्ट्री में काम करते हुए, मैंने कभी भी शोटाइम जैसी स्क्रिप्ट नहीं देखी। अपने खेल का माहिर खिलाड़ी, रघु खन्ना का किरदार निभाना, मुश्किल होते हुए भी क्रिएटिव रूप से काफी सिखाने वाला था। शोटाइम एक ऐसी कहानी है, जिसने मुझे कई स्तरों पर जोड़ा है। मैंने इंडस्ट्री में अपनी तरह का संघर्ष किया है लेकिन इस जगत में इनसाइडर-आउटसाइडर वाली चर्चित बहस को मैं समझता हूं। साथ ही यह इंडस्ट्री उन सभी लोगों के लिए है जो जुनूनी और मेहनती हैं। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा, लेकिन यह किसने सोचा होगा कि मैं इस विरासत के एक खुशकिस्मत वारिस के रूप इस सीरीज का हिस्सा बनूंगा। सबसे दिलचस्प बात है कि करण जौहर खुद नेपोटिज्म. पर शो बना रहे हैं और वो भी आउटसाइडर्स के साथ।

मुझे डिज्नी+हॉटस्टार, धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, डायरेक्टर मिहिर और अर्चित के साथ जुड़कर बहुत अच्छा लगा और मुझे उम्मीद है दर्शकों को शोटाइम की दुनिया पसंद आएगी।'' वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।



# जेबीएन स्पोर्ट्स क्लुब बनी चेन्नई वॉलीबॉल (डोटा) की चैंपियन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री आईजी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा प्रायोजित फेडरेशन का तृतीय टूर्नामेंट अनाकापुथुर स्थित शिवान्ती स्कूल के खेल परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आईजी माता की आरती द्वारा हुई। चेन्नई फेडरेशन से राणाराम पटेल ने सभी का स्वागत किया। फेडरेशन समिति से अभिनंदन बोथरा, राणाराम पटेल, कानाराम चौधरी एवं राजेश सुराणा ने आयोजक आईजी स्पोर्ट्स क्लब के कार्यकारिणी सदस्यों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। चेन्नई वॉलीबॉल डोटा फेडरेशन से राजेश सुराणा ने बताया की 16 टीम को दो ग्रुप में बाँटा गया एवं प्रत्येक टीम ने 7 लीग मैच खेले।दोनों ग्रुप से 4 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शिवानन्द स्पोर्ट्स क्लब ने सीरवी स्पोर्ट्स क्लब को, मरीना स्पोर्ट्स क्लब ने ब्रह्माजी स्पोर्ट्स क्लब को, वीओजी वॉलीबॉल क्लब ने माताजी स्पोर्ट्स क्लब को और जेबीएन स्पोर्ट्स ने वीर तेजा क्लब को शिकस्त देकर सेमीफ़ाइनल में जगह बनायी।

सेमी फाइनल में जेबीएन स्पोर्ट्स क्लब ने मरीना स्पोर्ट्स क्लब को और वीओजी स्पोर्ट्स क्लब ने शिवानन्द स्पोर्ट्स क्लब को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जे बी एन स्पोर्ट्स क्लब ने कड़े मुक़ाबले में वीओजी स्पोर्ट्स क्लब को हराकर ट्रॉफी पर क़ब्ज़ा किया। टूर्नामेंट आयोजन के मुख्य सहयोगी डूँगाराम, जोगाराम, कुनाराम, मादूजी, लिखमाराम, सुनील, मंगलाराम, जगदीश, गोपाराम, गुमनाराम, राकेश, मोहनकुमार एवं रमेश कुमार का श्री आईजी स्पोर्ट्स कमिटी ने माला एवं साफ़ा द्वारा सम्मान किया। आयोजन में महेंद्र, मिश्रीलाल, अमराराम एवं मोहनलाल का विशेष सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन कानाराम चौधरी ने दिया।



# पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज के मंदिर में आयोजित हुआ महाकुंभाभिषेक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। स्थानीय पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज के तत्वावधान में मंदिर के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाकुंभाभिषेक का आयोजन किया गया। इस आयोजन समाजसेवी सुवालाल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सफल हुआ। रविवार को कलश यात्रा और झांकी प्रस्तुति का आयोजन हुआ। उसके बाद शाम को मन्नड़ी सुंदरकांड समिति के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ किया। रात में महिला मंडल और बच्चों द्वारा अनेक भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मध्य रात्रि में मंदिर संबंधित विभिन्न बोलियां भी बोली गई।

सोमवार को पंडित रामबरन शास्त्री और आचार्य द्वारा हवन प्रारंभ किया गया तथा दोपहर में मंदिर ध्वजा व इंडा की पूजा की गई। यह जानकारी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नरेश मकवाना ने दी।

# मुरारका बने सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष, सोमानी बने सचिव

बेंगलूरु। शहर के सालासर बालाजी सेवा समिति की साधारण सभा सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद मुरारका व सचिव पद के लिए मनित सोमानी का मनोनयन किया गया। साथ ही संजय शाह को मंदिर निर्माण कमेटी चेयरमैन, सुरेन्द्रलाल गोयल को मन्दिर प्रबंधन एवं मंदिर संचालन कमेटी चेयरमैन तथा सतीश मित्तल को उपाध्यक्ष, विक्रम अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, महेश गोयल व रतन कन्दोई को मानद सदस्य के तौर पर नियुक्त किया गया।



# भाजपा राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ ने किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ के संयोजक हंसराज राजपुरोहित, अध्यक्ष जीतू लोहर, सहसंयोजक प्रवीण झामड़, मालाराम प्रजापत ने 'मेरी माटी मेरी जनता यात्रा' के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में तमिलनाडु के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के. अन्नामलाई का सम्मान किया तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। प्रवासियों ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष से लम्बित रेल मांगों को पूरा करवाने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा व उनका सम्मान किया।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करूर नागराजन, प्रदेश सचिव विनोज सेल्वम, एनएलसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के जयकुमार, जिला अध्यक्ष विजयआनंद आदि उपस्थित थे।

## समारोह शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के नाट्य सन्निधि द्वारा मल्लत्तहल्ली स्थित कलाग्राम बहेलू रंग मंदिर में पुरंदर दास नृत्य निरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समारोह अध्यक्ष महेंद्र मुणोत, मुख्य अतिथि डॉक्टर गीता रामानुजम, सुधींद्र राव एवं नाट्य सन्निधि की सचिव मनीषा केएच ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में संत पुरंदरदास द्वारा रचित गीत पर 200 से भी ज्यादा विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

## पुष्पांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई के अन्नानगर स्थित जयगोपाल गरोडिया विवेकानन्द विद्यालय के छात्रों ने कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में हुए शहीद जवानों को याद करते हुए उन्हें बुधवार को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने इस घृणित कृत्य के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ स्कूल के वरिष्ठ प्राचार्य, प्रधानाचार्य सहित एनसीसी के कैडेट आदि भी उपस्थित थे।



## संतों की जयंती व स्कूल के वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम

# सेवा संघ के सदस्यों ने स्कूल में दिया सामग्री सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। यहां मदुक्करै पंचायत राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में श्रमण संघीय प्रवर्तकश्री हजारीलालजी के 137वें, श्रमण संघीय उपप्रवर्तकश्री ब्रजलालजी.म.सा के 122वें जन्मोत्सव व विद्यालय के 121वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में विभिन्न आयोजन समायोजित किए गए। समारोह की अध्यक्षता वर्धमान जैन सेवा संघ के संरक्षक ज्ञानचंद खारीवाल ने की। संघ के उपाध्यक्ष गौतम जैन ने सभी का स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष नेमीचंद लोढ़ा ने संचालन किया।

इस मौके पर संघ के संस्थापक राजेशकुमार गादिया ने श्रमण संघ के महापुरुष द्वय को संघ की ओर से श्रद्धार्पण करते हुए उनके श्रमण संघ के लिए योगदान को याद किया और उनके दूरगामी सोच व निर्णय को याद किया।

उन्होंने स्कूली बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूली विद्यार्थियों को भवरलाल गौतमचंद धारीवाल परिवार की ओर से अनेक परितोषक प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर शतप्रतिशत उपस्थिति, विद्यालय के विभिन्न आयामों में सबसे आगे रहने वाले, विभिन्न पाठ्यक्रमों में अव्वल रहने वाले, खेलकूद में अग्रणी रहने वाले, जिला स्तरीय आयोजन में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले, सांस्कृतिक आयोजन में प्रथम रहने वाले, निबंध प्रतियोगिता, भाषण, वाद विवाद सहित अनेक विषय में सफल बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधान अध्यापिका देवकी ने धन्यवाद दिया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। सेवा संघ की ओर से विद्यालय के रसोई केंद्र में दैनिक उपयोग के लिए बर्तनों व कार्यालय के लिए स्टोरेज अलमारी आदि प्रदान किए गए।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com



श्वेत संगमरमर की खड़ी सूर्य प्रतिमा



सूर्य मंदिर की प्रतिष्ठा करते हुए शर्मा दम्पति



सभा को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा



मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण



पूजा करते पुजारी



भास्कर रत्न से सम्मानित सुनील शर्मा

# पूर्ण विधिविधान व मंत्रोच्चार से नवनिर्मित सूर्य मंदिर में विराजे भगवान सूर्यनारायण

## लाभार्थी शर्मा ट्रांसपोर्ट के सुनील शर्मा परिवार ने की मंदिर प्रतिष्ठा व किया ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां जेपी नगर स्थित सूर्य मंदिर परिसर में बुधवार को धार्मिक उल्लास के वातावरण में बसंत पंचमी के पावन मौके पर नवनिर्मित मंदिर में सूर्यनारायण भगवान प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधिविधान व मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। पूरे मंदिर प्रांगण में भगवान भास्कर के जयकारों की गूंज रही। देशभर से पहुंचे हजारों शाकद्वीपीय समाज बंधु इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। प्रवक्ता भूपेश कश्यप ने बताया कि प्रतिष्ठा महोत्सव में श्रृंगेरी से आए पद्मश्री गौरीशंकर के आचार्यत्व में चारों वेद और उपनिषदों के मंत्रों से पहले भगवान सूर्यनारायण का पूजन किया गया। इसके बाद वेद मंत्रों से स्थापित कलशों से भगवान सूर्यनारायण की प्रतिमा का पंचामृत से महाभिषेक किया गया। मंदिर के शिखर पर कलशों को स्थापित कर कुंभाभिषेक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सुनील शर्मा, धर्मपत्नी संतोष शर्मा, शर्मा परिवार की ज्येष्ठ बहु चंद्रा शर्मा सहित परिवार ने मंदिर के शिखर पर सूर्य ध्वज फहराया। प्रतिष्ठा के बाद भगवान सूर्यनारायण की महाआरती हुई।

### शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के इतिहास में जुड़ा नूतन अध्याय

इस मौके पर भगवान सूर्यनारायण मंदिर के मुख्य लाभार्थी सुनील शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पिता शर्मा ट्रांसपोर्ट के संचालक स्व. डीपी शर्मा व भाई स्व.सुरेश शर्मा ने बेंगलूरु में सूर्य मंदिर की परिकल्पना की थी। आज उनका यह सपना तो साकार हुआ ही है साथ ही पांच दिवसीय इस प्रतिष्ठा महोत्सव से शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के इतिहास में एक और नया अध्याय भी जुड़ा है।

### श्याम वर्ण की सूर्य प्रतिमा मालूर में तथा श्वेत खड़ी सूर्य प्रतिमा जयपुर में बनी

नवनिर्मित मंदिर में विराजित मुख्य प्रतिमा कर्नाटक के मालूर में तैयार कराई गई है। श्याम पत्थर से बनी यह प्रतिमा काफी मनमोहक है। इसके अलावा मंदिर के समक्ष स्थापित हुई 6 फीट श्वेत संगमरमर पर उकेरी गई सूर्य प्रतिमा भारत वर्ष में सबसे बड़ी है और बेंगलूरु के डिवाइन गैलरी के प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा बनाई गई है। मंदिर के डिज़ाइन और नक़्क़ाशी का कार्य डिवाइन गैलरी के प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा किया गया है। संगमरमर पत्थर में मंदिर एवं भगवान की प्रतिमा के प्रतिष्ठान 'डिवाइन गैलरी' के क्रियेटिव निदेशक मुरारी शर्मा व बिक्री निदेशक नरेश शर्मा ने रागीगुड्डा मंदिर परिसर में सुनील शर्मा का सम्मान किया।

दोनों प्रतिमाओं का आज देश-विदेश से पहुंचे हजारों समाज बंधुओं ने दर्शन किए।

### प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर बही भजनों की रसधार

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रिंसेस श्राइन सभागार में मंगलवार शाम आयोजित भक्तिसंध्या के आयोजन में राजस्थान के लोकगायक प्रकाश माली व सोनू कंवर ने कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। भजन संध्या में तपोवन गंगोत्री के महंत रामनारायण, राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया मौजूद रहे। इस पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव में बेंगलूरु के अलावा पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

### 'भास्कर रत्न' सम्मान से सम्मानित हुए सुनील शर्मा

अखिल भारतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा सुनील शर्मा को समाज संगठन एवं संस्कृति के लिए किए अतुलनीय योगदान व तन-मन-धन से एक मार्गदर्शक पथ निर्माण करने के लिए समाज के सर्वोच्च सम्मान 'भास्कर रत्न' उपाधि से सम्मानित कर अलंकृत किया। बुधवार को आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव में बेंगलूरु के तेजराज शर्मा व महासभा अध्यक्ष किशोर कुवेरा, भंवरलाल, महेंद्र शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, दानमल भोजक, रमेश शर्मा केजीएफ, हरीश शर्मा, भद्रावती आदि मौजूद रहे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.